● जयपुर, शुक्रवार, 14 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 286 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 आरपीए में क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में फॉरेंसिक्स की भूमिका' पर विशेष...

पेज @5 विकसित एवं संपन्न राजस्थान के लिए राजस्व संग्रहण बढ़ाएं : पंत...

पेज @8 » मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल...

# नीट विवाद: 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे, फिर से दे सकते हैं परीक्षा

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) से जुड़े विवाद में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि परीक्षा में ग्रेस अंक पाने वाले 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और ये छात्र दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।पीठ ने कहा कि वह काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगा सकते। पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से 2 हफ्ते में जवाब भी मांगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनटीए ने कोर्ट में कहा कि लिखने के लिए कम समय पाने वाले सभी 1,563 उम्मीदवारों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। जो छात्र फिर से परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके ग्रेस अंक हटने के बाद वाले अंक मान्य होंगे। नीट की दोबारा परीक्षा 23 जून को होगी और परिणाम 30 जून तक आएगा। काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी।

सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ी को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें डॉ पाण्डेय और शिवांगी सहित 10 छात्रों ने परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाया है।उन्होंने कोर्ट से काउंसिलिंग रोकने, परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की मांग की है।गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वह अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक देने को लेकर है। आरोप है परिणाम में ग्रेस अंक देना मनमाना फैसला है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रों की परीक्षा रद्द करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने परीक्षा की शुचिता पर सवाल उठाते हुए जवाब मांगा था।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह सफल उम्मीदवारों के लिए प्रवेश के लिए काउंसलिंग पर रोक नहीं लगा सकती।मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को 8 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) की अगुवाई वाली पीठ के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए थे।




## संसद में गूंजेगा नीट परीक्षा का मामला, विपक्ष ने की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

नीट परीक्षा का मामला अब संसद के भीतर उठाया जाएगा। विपक्ष ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि नीट परीक्षा की गूंज संसद के भीतर गूंजेगी। कांग्रेस ने गुरुवार को इसका ऐलान किया।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को आरोप लगाया कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। अगर सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस पूरे मामले की जांच हो। गौरतलब है कि देशभर के 24 लाख छात्रों ने नीट के लिए आवेदन किया था। गौरव गोगोई ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नेतृत्व में यह पूरा स्कैम हुआ है और अब एनटीए को ही जांच करने के लिए कहा गया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। कांग्रेस ने कहा कि नीट परीक्षा में जिन 1563 छात्रों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए गए, उन सभी को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन छात्रों के लिए 23 जून को परीक्षा होगी। ऐसे छात्र जो दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके अतिरिक्त स्कोर (ग्रेस मार्क्स) को रद्द किया जाएगा। ग्रेस मार्क्स हटाने के बाद जो इन छात्रों का स्कोर होगा, वहीं अंतिम स्कोर माना जाएगा।

गोगोई ने कहा कि इस परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री चुप हैं। जिस (एनटीए) एजेंसी के नेतृत्व में यह पूरा घोटाला हुआ उसी को जांच करने की जिम्मेदारी दे दी गई। देशभर में लाखों छात्र एक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इतना बलिदान करते हैं। लेकिन आज देश में कोचिंग सेंटर और एग्जाम सेंटर की एक मिलीभगत है।

## नीट में पैसे दो, पेपर लो का गलत खेल हुआ है : कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे

**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि नीट में भ्रष्टाचार और धांधली की गई है। नीट में पैसे दो, पेपर लो का गलत खेल हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नीट का प्रश्न पत्र लीक हुआ था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि नीट में केवल ग्रेस अंकों की समस्या नहीं थी। नीट को लेकर उन्होंने कहा कि धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। नीट में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। एग्जाम और कोचिंग सेंटर का एक गठजोड़ बन चुका है, जिसमें पैसे दो, पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के कंधों पर अपनी कारगुजारियों का दारोमदार रखकर, अपनी जवाबदेही से पीछा नहीं छुड़ा सकती।




नीट विवाद पर बोले शिक्षा मंत्री प्रधान

## विपक्ष तथ्यों को जाने बिना संवेदनशील मुद्दे पर फैला रहा झूठ

**नईदिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को नीट यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों को खारिज कर दिया, परिणामों को लेकर छात्रों द्वारा जारी विरोध प्रदर्शन के बीच दावा किया कि इस तरह के दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं है। प्रधान ने विपक्ष पर वार करते हुए यह भी कहा कि विपक्ष तथ्यों को जाने बिना संवेदनशील मुद्दे पर झूठ फैला रहा है।

शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक ट्वीट के जवाब में कहा, नीट परीक्षा मामले में एनटीए माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 1563 विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा करायी जायेगी।



न्यूज़ अपडेट

## विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट, 5 लोगों की मौत, 5 जख्मी

**नागपुर/एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर के पास एक विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार को धमाका हो गया। फैक्ट्री में विस्फोट के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में हुई। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब 1:00 बजे उस समय हुआ, जब श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अभी इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है। नागपुर पुलिस कमिश्नर रविंदर सिंघल ने कहा, इस घटना में करीब 4-5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं। हमारी जांच जारी है। हमारी टीम, क्राइम ब्रांच और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, कार्रवाई की जा रही है।

## अजित डोवल तीसरी बार बने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, पीके मिश्रा भी बने रहेंगे प्रधान सचिव

**नईदिल्ली/एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अजित डोवल को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। बता दें कि अजित डोवल तीसरी बार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए गए हैं। बता दें कि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यालय में की गई है। साथ ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें वरीयता तालिका में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। बता दें कि अजित डोवल और पीके मिश्रा का कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही पूरा होगा। इस बाबत एक लेटर जारी कर कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अजित डोवल को एनएसए के रूप में नियुक्ति दी है। बता दें कि 10 जून से यह आदेश प्रभावी होगा।

## राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला

**नईदिल्ली/एजेंसी।** देश की 18वीं संसद के गठन के बाद राजनाथ सिंह ने एक बार फिर रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभाल ली है। गुरुवार के दिन दिल्ली में उन्होंने अपना कार्यभार संभाला। उन्हें लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। 2014 में गृहमंत्री की जिम्मेदारी उठाने वाले राजनाथ सिंह 2019 से रक्षा मंत्रालय संभाल रहे हैं। लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय मिलने पर उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में उनका लक्ष्य देश को सुरक्षित रखने के अलावा आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाना होगा। इस तरह से वह देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान देने का लक्ष्य बना चुके हैं। दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा पीएम मोदी ने एक बार फिर मुझे रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है।

पीएम मोदी ने की हाईलेवल मीटिंग

## जम्मू-कश्मीर में चुन-चुनकर कर मारे जाएंगे आतंकी



**नई दिल्ली/एजेंसी**

जम्मू के रियासी और उसके बाद कठुआ- डोडा में हुए आतंकी हमलों के बाद से मोदी सरकार एक्शन में हैं। पीएम मोदी ने आज अधिकारियों के साथ दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग की। इस मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समेत विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए। पीएम ने जम्मू- कश्मीर के सुरक्षा हालात का बारीकी से रिव्यू कर सुरक्षा एजेंसियों को उसे जड़ से समूल खत्म करने का निर्देश दिया।

## अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, 60-70 प्रतिशत सैनिकों को मिल सकती है स्थायी नियुक्ति

**नईदिल्ली/एजेंसी।** भारतीय सेना में भर्ती और सेवा के लिए लाई गई अग्निपथ योजना शुरू से ही विवादों में है। लोकसभा चुनाव में भी इसका मुद्दा खासा उठा था और विपक्षी पार्टियों ने इस योजना को बंद करने का वादा किया था।अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है। इसमें कई अहम बिंदू सामने आए हैं, जिनकी समीक्षा के बाद योजना में कुछ बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। फिलहाल अग्निपथ योजना में 4 साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाती है। अब इस कोटे को बढ़ाने की चर्चाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 60 से 70 प्रतिशत अग्निवीर को स्थायी नियुक्ति देने पर विचार कर रही है।विशेष और तकनीकी बलों के लिए ये सीमा 75 प्रतिशत तक हो सकती है। दूसरी सेवाओं में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी करने की तैयारी चल रही है। अग्निपथ योजना में सैनिकों को 4 साल के लिए भर्ती किया जाता है।

## कुवैत अग्निकांड: 42 शवों को लाने की तैयारी में एयरफोर्स

**नयी दिल्ली/एजेंसी**



कुवैत के मंगाफ शहर में लेबर बिल्डिंग में बुधवार को भीषण आग लग गई. ये हादसा इतना दर्दनाक था कि 40 भारतीय समेत 49 लोग जिंदा जल गए. वहीं, इस हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हो गए. कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर में लगी. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. मरने वालों में करीब 42 भारतीय हैं. जानकारी यह भी मिली है कि मृतकों में 12 केरल और 5 तमिलनाडु से थे. केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज कुवैत के लिए निकल चुकी हैं. कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किये जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए लगभग 42 भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत पहुंचे हैं. कुवैत के अधिकारी मंगाफ इलाके की एक इमारत में लगी भीषण आग में मारे गये लोगों के शवों की डीएनए जांच कर रहे हैं.

दिल्ली जल संकट

# हिमाचल ने पानी देने से इनकार किया, बोला- हमारे पास अतिरिक्त पानी नहीं

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली में जल संकट को लेकर आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को पानी देने से हाथ खड़े कर दिए।हिमाचल ने कहा कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए हिमाचल सरकार को फटकार लगाई।कोर्ट ने अपर यमुना नदी बोर्ड को राज्यों के बीच पानी का बंटवारा करने को कहा है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी देने की बात कही थी। हालांकि, अब हिमाचल ऐसा करने से मुकर गया है।हिमाचल सरकार ने इस संबंध में कोर्ट में दाखिल किया गया जवाब वापस ले लिया है। हिमाचल ने कहा कि उनकी नीयत सही थी, लेकिन जो जवाब दाखिल किया गया था उसमें कुछ कमियां थीं। राज्य सरकार ने कहा कि वो कोर्ट में नया हलफनामा दाखिल करेगी।

कोर्ट ने हिमाचल सरकार से कहा कि इतने संवेदनशील मामले में आपने गलत जवाब कैसे दे दिया।कोर्ट ने कहा, 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की जो बात कही वो गलत है। इतने संवेदनशील मामले में आपने हल्का जवाब कैसे दे दिया। क्यों न आप पर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा चलाया जाए।इस पर हिमाचल सरकार ने कहा, हम माफी मांगते हैं और हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड से जवाब वापस लेंगे। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से जुड़ा मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दा है और कोर्ट के पास इसका फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।कोर्ट ने कहा कि पानी के बंटवारे का मामला अपर यमुना नदी बोर्ड पर छोड़ दिया जाना चाहिए।



## दिल्ली में जारी जलसंकट जल्द खत्म करने की कोशिश: आतिशी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में पेयजल की गंभीर किल्लत बनी हुई है। गुरुवार को तेज गर्मी के बीच दिल्ली के कई रिहायशी इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। इन इलाकों में पानी के टैंकरों से जलापूर्ति की गई, जिसके लिए लंबी-लंबी कतारें देखी गई। दिल्ली सरकार का मानना है कि फिलहाल 40 एमजीडी पानी की कमी है।

दिल्ली सरकार के मुताबिक यह कमी तभी दूर हो सकती है, जब दिल्ली को दूसरे राज्यों से अतिरिक्त पानी की आपूर्ति हो। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को सभी पक्षों के साथ मीटिंग करके जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

# याद रखे देश, पूर्वी दिल्ली में शिशुओं के जलने के हादसे को

अभी एक महीना भी नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है– घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया।

हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25–30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियत्रंण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए।

मुझे पूर्वी दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर–दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन–रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड–19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई। 2022 में, जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत हो गई और 2016 में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 50 मरीजों की मौत हो गई। अपना इलाज कराने आए रोगियों का जलकर मरने के मामलों को सुनकर पत्थर दिल इंसान का भी दिल दहल जाता है। सवाल यह है कि निजी अस्पतालों में होने वाले हादसों पर कब लगाम लगेगी? दिल्ली के अधिकांश निजी अस्पताल गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज और बिस्तर उपलब्ध कराने में भी विफल रहते हैं, जबकि यह उनके निर्माण के समय दी गई जमीन के बदले में गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज कानूनी आवश्यकता है। अगर देश की राजधानी में ऐसा हो सकता है, तो हम छोटे शहरों और कस्बों की स्थिति की केवल कल्पना ही कर सकते हैं। अस्पतालों में आग लगने का सामान्य कारण आम तौर पर खराब इमारत संरचना, जिसमें भागने का कोई रास्ता नहीं होता, आसपास के क्षेत्र में ज्वलनशील तरल पदार्थ और गैसों की उपस्थिति और अनुचित भंडारण और, सबसे महत्वपूर्ण, अग्नि सुरक्षा मानक संचालन प्रोटोकॉल की कमी है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आग लगने पर अग्नि शमन गाड़ियां तक इन इमारतों तक पहुंच तक नहीं सकते।

बात अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से हटकर करें तो क्या कोई 3 दिसम्बर,1995 को मंडी डबवाली (हरियाणा) और 13 जून,1997 को राजधानी के उपहार सिनेमाघर में लगी आग की घटनाओं को भूल सकता है? मंडी डबवाली में डीएवी स्कूल में चल रहे सालाना आयोजन में 360 अभागे लोग, जिनमें स्कूली बच्चे अधिक थे, स्वाह हो गए थे। हालांकि, कुछ लोगों का तो यहां तक दावा है कि मृतकों की तादाद साढ़े पांच सौ से भी अधिक थी। उधर उपहार में लगी भयंकर आग के चलते 59 जिंदगियां आग की तेज लपटों की भेंट चढ़ गईं थीं। जैसा कि हमारे देश में होता चला आ रहा है और न जाने कब तक होगा, हादसों के बाद जांच के आदेश दे दिए जाते हैं। हालांकि, जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे कोई देखता भी नहीं है। उसकी सिफारिशें धूल चाटती रहती हैं। हादसों में शिकार हुए मृतकों के परिजनों और घायलों को कुछ मुआवजा दे दिया जाता है । इस बीच, पिछले लगभग ढाई दशकों से बंद उपहार सिनेमा परिसर को फिर से खोलने का पटियाला हाउस कोर्ट आदेश दिया है। उपहार में जो कुछ हुआ था, उसके बाद बहुत सारे दिल्ली वाले सिनेमाघरों से दूर हो गए थे। उस भयानक हादसे से सारा देश दहल गया था। उस मनहूस शुक्रवार को बॉर्डर फिल्म देखने आए करीब पांच दर्जन लोग दम घुटने या जलने के कारण मारे गए थे। तब से उपहार बंद था। पिछले कुछ समय पहले मुझे उसके अंदर का डरावना नजारा देखने का मौका मिला था। वहां पर जली सीटें,राख के ढेर, चिप्स के पैकेट, पेप्सी की बोतलें यहां–वहां पड़ी थीं। यह सब उस दिन की यादें ताजा करवा रही थे जब मौत के आगे इंसान बेबस था। उस शाम बेसमेट में लगे ट्रांसफार्मर में अचानक से लगी आग की लपटें और धुआं काल बन कर आए थे। इधर हाल के दिनों में देश भर से आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इनमें मासूम जान गंवा रहे हैं। क्यों संबंधित सरकारी महकमे देखते नहीं और सख्ती नहीं बरतते ताकि आग लगने के हादसे होने थम जाएं?

# रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं



मुकेश कुमार शर्मा

जीवन में हर किसी को कभी न कभी परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस को मनाने का मूल मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है क्योंकि यही एक ऐसी चीज है जिसे किसी भी लैब में या किसी अन्य तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय–समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मान करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है– "दान का उत्सव मनाने के 20 साल : रक्तदाताओं को धन्यवाद।"

18 से 65 साल का कोई भी पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति रक्तदाता बन सकता है। रक्तदाता की कुछ जरूरी जांच भी की जाती है ताकि ब्लड बैंक तक किसी तरह से संक्रमित रक्त न पहुंचने पाए, इसीलिए हाल ही में टैटू बनवाने वालों व बीमार व्यक्तियों के रक्त लेने से भी परहेज किया जाता है ताकि रक्त की शुद्धता बरकरार रखी जा सके। वयस्क स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4.5 लीटर से पाँच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में 300 से 450 मिली लीटर रक्तदान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। तीन माह के अन्तराल पर दोबारा रक्तदान किया जा सकता है। रक्त के अलग–अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके। दुर्घटनाओं में घायलों, गर्भवती, सर्जिकल वाले मरीजों, थैलेसीमिया, कैंसर, एनीमिया आदि स्थितियों में मरीज के लिए रक्त की जरूरत अस्पतालों को आये दिन रहती है। ऐसे में सुरक्षित और पर्याप्त रक्त का संग्रह चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे रक्तदाता के जरिये ही पूर्ण किया जा सकता है। इसलिए रक्तदान से जुड़ीं भ्रांतियों और गलतफहमियों को दूर करने के साथ खुद रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए। तो आइये हम सभी मिलकर आज इस पुनीत दिवस पर प्रण लें कि हम लोगों की जान बचाने के लिए खुद रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के साथ ही स्वस्थ स्वास्थ्य परम्परा का भी निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही हमें यह भी हमेशा ध्यान रखना है कि सुरक्षित रक्त जीवन बचाता है, इसलिए जब भी–जहाँ भी जरूरत होगी रक्तदान जरूर करेंगे और ब्लड बैंक को खाली होने से बचाएंगे।



रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी नहीं आती बल्कि दिल की सेहत में सुधार के साथ ही दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को आसानी से कम किया जा सकता है। खून में आयरन की अधिक मात्रा दिल के दौरे के जोखिम को बढ़ा सकती है, जबकि नियमित रक्तदान से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है। रक्तदान व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है साथ ही उनसे जुड़े परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्तियों को मिल रहा है। एक यूनिट रक्त चार व्यक्तियों की जान बचा सकता है, क्योंकि इसके अलग–अलग अवयव श्वेत व लाल रक्त कोशिकाएं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग–अलग लोगों के काम आ सकता है। इसलिए इससे ज्यादा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता। खासकर गर्भवती को प्रसव के समय अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसी स्थिति में गर्भवती के साथ ही गर्भस्थ शिशु को सुरक्षित बनाने में एक–एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसी ही आपात स्थितियों में रक्त की आपूर्ति बर×करार रखने के लिए लोगों को रक्तदान के लिए सहर्ष आगे आना चाहिए। जन्मदिन, शादी की सालगिरह, संस्थान के स्थापना दिवस जैसे खुशी के अवसरों पर भी रक्तदान कर दूसरों को नायाब तोहफा दे सकते हैं। ज्ञात हो कि विश्व रक्तदाता दिवस कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन 14 जून 1868 की सालगिरह पर हर साल मनाया जाता है। कार्ल लैंडस्टीनर को एबीओ रक्त समूह प्रणाली की खोज के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**(लेखक, पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं।)**


# विद्यार्थियों में तनाव और चिंता का कारण बनती प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं



प्रियंका सौरभ

जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने–बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन के प्रति अविश्वास बढ़ता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े–बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। नेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निर्माता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुई । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है , जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिए 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिए: राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ।

तकनीकी कमजोरियां बताती हैं कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिए: मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ई–मेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी–कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ




सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिए: 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकर्ताओं के लिए छेड़छाड़–रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिए: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं।

सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग करके यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो, जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिए: सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुर्माने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिए: खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है।इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है।


प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार–बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक् कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता–आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है। बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं , जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्नपत्र लीक होने सेकेंडरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है।

विद्यार्थियों पर इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कम करने के लिए परामर्श और सहायता सेवाएं समय की मांग है । लीक से प्रभावित छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और परामर्श प्रदान करना अत्यंत जरूरी है। उदाहरण के लिए: परीक्षा के समय में छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करने के लिए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित करना। भविष्य में लीक को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में संशोधित संचार बनाए रखें। छात्रों और उपभोक्ताओं को विश्वास को फिर से बनाने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और मुफ्त योजनाओं के बारे में सूचित करना। वैकल्पिक परीक्षा कार्यक्रम से बीमारियों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ परीक्षाओं को जल्दी से दोबारा करवाना बहुत फायदेमंद है। छात्रों के लिए लंबे समय तक तनाव से बचने के लिए स्थानीय प्रश्न पत्र और पर्याप्त परीक्षा तिथियों की व्यवस्था करना। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं।

चूंकि प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे प्रश्नपत्र लीक होने की कोई गुंजाइश ही न रहे। समझना कठिन है कि सूचना तकनीक के इस युग में ऐसी व्यवस्था बनाना कठिन क्यों है? यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# संतानों के दुर्व्यवहार और उत्पीड़न से जटिल होती वृद्धावस्था



ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा बढ़ती जा रही है, जो जीवन को नरक बनाये हुए है। बच्चे अपने माता–पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। यही पीड़ा वृद्धजन को पल–पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी–आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को 'एकल, या बार–बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती है'। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2024 की थीम 'सभी पहचानों की बुजुर्ग पीड़ितों के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देना' है। याद रखें, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने में छोटी–छोटी कदम भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन लोगों की आवाज बनें जो खुद के लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, दूसरों को शिक्षित करें और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके।

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म–गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी




संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े–बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार का कारण क्या है? वृद्ध व्यक्ति अक्सर गतिशीलता संबंधी समस्याओं, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या सामाजिक अलगाव का सामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थितियों का तनाव और अराजकता शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय या उपेक्षा सहित बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के जोखिम को बढ़ा सकती है। आपातकालीन स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम अधिक समावेशी और सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा दे सकते हैं।

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में मौजूद है, हालाँकि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की सीमा अज्ञात है, लेकिन इसका सामाजिक और नैतिक महत्व स्पष्ट है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने–घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह–शाम खप जाती है, वहीं महिला वृद्ध एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण–पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा–सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार–क्रांति की जरूरत है।

हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता–पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ–पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता–पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता–पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर–उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज–निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध–कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत–सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। बड़े बूढ़ों के साथ दुर्व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। तथाकथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने समाज की संरचना को बदसूरत बना दिया है। आज बन रहा समाज का सच डरावना एवं संवेदनहीन है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। इसके पीछे मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां काम करती हैं। वृद्धजन अव्यवस्था के बोझ और शारीरिक अक्षमता के दौर में अपने अकेलेपन से जूझना चाहते हैं पर इनकी सक्रियता का स्वागत समाज या परिवार नहीं करता और न करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नयें 17 जिलों और 3 संभागों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बनाई मंत्रीमंडल उप समिति



**चमकता राजस्थान। जयपुर । (खलील कुरैशी)।** पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में गठित हुए 17 जिलों और 3 संभागों को लेकर भजनलाल सरकार ने एक मंत्रीमंडलीय उप समिति का गठन किया है। यह समिति इन जिलों के क्षेत्राधिकार, प्रशासनिक आवश्यकता, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता को लेकर समीक्षा करेगी। मंत्रीमंडलीय समिति का संयोजक उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को बनाया गया है, जबकि उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को सदस्य बनाया गया है। वही इस कमेटी का गठन होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। गहलोत ने लिखा है कि हमारी सरकार ने राजस्थान में नए जिले रिटायर्ड गुरु रामलुभाया की समिति की रिपोर्ट के आधार पर बनाए। राजस्थान में नए जिलों की सख्त आवश्यकता थी। क्षेत्रफल में राजस्थान से छोटे मध्य प्रदेश में 55 जिले हैं। छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में भी 33 जिले हैं।हमारी सरकार ने प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने एवं सर्विस डिलीवरी को बेहतर करने के लिए नए जिले बनाए और वहां कलेक्टर, एसपी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को तैनात किया। राजस्थान की भाजपा सरकार ने मंत्रिमंडलीय उप-समिति बनाकर जिलों का रिव्यू करने का फैसला किया है। गहलोत ने लिखा है कि अब यह देखना होगा कि यह समिति राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों एवं विकास के हित को देखकर फैसला लेगी या फिर राजनीतिक कारणों से पिछली सरकार के फैसले को गलत साबित करने की मंशा से कार्य करते हुए राजस्थान की जनता के हितों को ताक पर रखेगी।

### कांस्टेबल कृष्ण चंद को सराहनीय कार्य के लिए मिला सम्मान

- **जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने किया उत्कृष्ट पुलिस सेवा के संदर्भ में सम्मानित**



**चमकता राजस्थान। जयपुर । (खलील कुरैशी)** राजस्थान पुलिस दिवस उपलक्षय में कांस्टेबल कृष्ण चंद को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया. बता दें इस दौरान जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कांस्टेबल को सम्मानित किया. आपको बता दें कॉस्टेबल कृष्ण चंद ने कई बड़े गिरोह और नेटवर्क का किया है खुलासा किया है.वहीँ कृष्ण चंद बिंदायका पुलिस थाने मे स्पेशल टीम में तैनात है आये दिन किसी ना किसी गिरोह का भंडाफोड़ करना और बढ़ते आपराधिक मामलो में कमी आये, इसके लिए वो लगातार अपराधियों की धरपकड़ कर रहे हैं उनके कामो को भी सराहा गया है.

### राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब विधानसभा सचिवालय सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी करने के साथ ही विधायकों को इसकी सूचना देगा। विधानसभा का यह बजट सत्र महीनेभर तक चलने की संभावना है। भजनलाल सरकार बजट सत्र में अपना पहला फुल बजट पेश करेगी। इससे पहले भजनलाल सरकार ने फरवरी में चार महीने का लेखानुदान पेश किया था। लेखानुदान अप्रैल से जुलाई तक के खर्चों के लिए पेश किया गया था। अब सरकार फुल बजट पेश करेगी। बजट पेश करने की तारीख बाद में तय होगी। 3 जुलाई को विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक में बजट सत्र का कामकाज तय किया जाएगा।बजट में कई बड़ी घोषणाएं करेंगी सरकार भजनलाल सरकार का फुल बजट लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद आ रहा है। पिछली बार पूरी 25 सीटें जीतने वाली बीजेपी इस बार 14 सीटों पर आ गई। इस की मांगों को भी शामिल किया जाएगा। भजनलाल सरकार बजट के जरिए बिगड़े हुए सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगी।कांग्रेस बिजली, पानी और कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगी बार शेखावाटी और पूर्वी राजस्थान में बीजेपी को भारी नुकसान हुआ है।बीजेपी को हुए इस नुकसान को पाटने के लिए अब पूर्वी राजस्थान और शेखावाटी पर सरकार का खास फोकस हो सकता है। इन इलाकों के लिए बजट में कुछ पोपुलर डिमांड को शामिल किया जा सकता है। बजट में नई भर्तियों की घोषणा होने के आसार हैं। कई इलाकों विधानसभा के बजट सत्र में इस बार कांग्रेस हमलावर रहेगी। लोकसभा चुनावों में खुद की 8 और गठबंधन के साथ 11 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के विधायकों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मनोवैज्ञानिक बढ़त का असर विधानसभा के बजट सत्र में देखने को मिलेगा। कांग्रेस बिजली, पानी और अस्पतालों की व्यवस्थाओं के डिरेल होने को मुद्दा बनाएगी। इस बार कांग्रेस बीजेपी के बीच कई मुद्दों पर सदन में गतिरोध बनने के आसार बन गए हैं।

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस-2024

# आरपीए में क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में फॉरेंसिक्स की भूमिका' पर विशेष सेमिनार

### पुलिस के रोजमर्रा के कार्यों और अनुसंधान में फॉरेंसिक साइंस की बड़ी भूमिकाः पुलिस महानिदेशक

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 जून। राजसथान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्षय में गुरुवार को जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) के ऑडिटोरियम में 'रोल ऑफ फॉरेंसिक्स इन क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन' पर विशेष सेमिनार का आयोजन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री उत्कल रंजन साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर डीजीपी श्री साहू ने कहा कि पुलिस के रोजमर्रा के कार्यों और अनुसंधान में फॉरेंसिक साइंस की बड़ी अहमियत है, आगामी एक जुलाई से लागू होने वाले नए क्रिमिनल लॉ में फॉरेंसिक साइंस की इंवेस्टिगेशन में भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। इसी दृष्टि से राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के आयोजनों के तहत इस अहम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जो पुलिस अधिकारियों और अनुसंधान अधिकारियों के लिए काफी उपयोगी रहा।





- **फेयर ट्रायल के लिए फेयर इंवेस्टिगेशन जरुरी**

सेमिनार में उत्तरप्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस एवं यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक्स के फाऊंडर डायरेक्टर डॉ. जीके गोस्वामी ने अपने 'कीनोट एड्रेस' में कहा कि फेयर ट्रायल के लिए फेयर इंवेस्टिगेशन बहुत जरूरी है, यह न्याय के मार्ग को प्रशस्त करता है। ऐसे में पारदर्शी तरीके से सही अनुसंधान के लिहाज से न्याय तंत्र में पुलिस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आपराधिक मामलों में न्याय के लिए साक्ष्यों (एविडेंस) की गुणवत्ता से ही अनुसंधान के जरिए सच्चाई तक पहुंचने में मदद मिलती है।

- **आने वाला कल 'फॉरेंसिक साइंस' का स्वर्णिम काल**

डॉ. गोस्वामी ने क्रिमिनल इंवेस्टिगेशन में क्वालिटी ऑफ एविडेंस को इम्प्रूव करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा इसमें जो गैप है, उनको भरने के लिए पूरी शिद्दत के साथ कार्य करने की जरूरत है। 'फॉरेंसिक साइंस', ऐसे गैप को दूर करने में मददगार साबित हो सकती है क्योंकि यह अनुसंधान में 'न्यूट्रल' रहते हुए सच्चाई को उजागर करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय 'फॉरेंसिक साइंस' के लिए स्वर्णिम काल है, विशेकर आगामी जुलाई से जब देश में नए क्रिमिनल लॉ लागू होंगे तो इनमें इसकी उपादेयता और बढ़ जाएगी। 'फॉरेंसिक साइंस' से इंवेस्टिगेशन में वैज्ञानिकता का समावेश होता है, और यह पूर्ण न्याय की राह प्रशस्त करता है।

- **सच उजागर करना पुलिस अनुसंधान का मूलमंत्र**

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि न्याय एक ऐसी खूबी और सच्चाई है कि किसी भी देश या कालखंड की बात की जाए तो हर व्यक्ति और समाज इसे पाना चाहता है। पुलिस, कानून का संरक्षण करते हुए न्याय सुनिश्चित करने की पहली और अहम कड़ी है। न्याय के लिए घटनाक्रम में सामने दिखने वाले तथ्यों के परे जो सच छिपा है, उसको उजागर करना पुलिस अनुसंधान का मूलमंत्र है। उन्होंने अनुसंधान में साक्ष्यों के आधार पर 'डिसीजन मेंकिंग' से सच्चाई का पता लगाकर न्याय तक पहुंचने की प्रक्रिया की व्याख्या करते हुए देश और विदेश के कई प्रसिद्ध कैसेज के व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए। वहीं इस बात पर भी बल दिया कि अनुसंधान में दोषी को सजा दिलाने के साथ ही निर्दोष व्यक्ति को बचाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने फॉरेंसिक विशेषज्ञों के अपने डोमेन में बाकायदा शिक्षित होने के पहलू को रेखांकित करते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब के एनएबीएल एक्रीडिएशन को भी जरूरी बताया।

- **ये रहे मौजूद**

सेमिनार में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुनर्गठन डॉ. प्रशाखा माथुर ने गोस्वामी का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। पुलिस महानिरीक्षक, क्राइम ब्रांच प्रफुल्ल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। सेमिनार में महानिदेशक, पुलिस इंटेलीजेंस, संजय अग्रवाल एवं महानिदेशक, पुलिसएससीआरबी एवं साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी के अलावा पुलिस मुख्यालय और पुलिस अकादमी के एडीजी, आईजी और डीआईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारी स्तर के अधिकारी और फॉरेंसिक विशेषज्ञों के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## आरपीए में आयोजित हुई सांस्कृतिक संध्या

### लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां





चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 जून।** राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर संध्या का आरपीए परिसर में समारोहपूर्वक आयोजन किया गया। इसमें लोक कलाकारों ने लोक नृत्यों और लोक गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। चरी नृत्य...भवई नृत्य.. घूमर नृत्य...कालबेलिया नृत्य....आदि कार्यक्रमों को पुलिस ऑफीसर्स, जवान और प्रांगण में मौजूद गणमान्य लोगों ने खूब सराहा। मांगणियार लोक कलाकार स्वरुप खान के नगमों ने भी दर्शको का मन मोहा। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त सचिव गृह आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, महानिदेशक, पुलिस इंटेलीजेंस, संजय अग्रवाल एवं महानिदेशक, पुलिस एससीआरबी एवं साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी के अलावा पुलिस मुख्यालय, पुलिस आयुक्तालय और पुलिस अकादमी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## कर्नल राज्यवर्धन ने निभाया अपना वादा, यात्रियों के आवागमन की खातिर निवारु से सिटी बस सेवा करवायीं शुरू


- **हमारी प्राथमिकता जन आवश्यकताओं एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाकर बुनियादी सुविधाओं में विस्तार करना : कर्नल राज्यवर्धन**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से लोकप्रिय भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरुवार को झोटवाड़ा की जनता को एक और सौगात दी। कर्नल राज्यवर्धन ने जनता से किया हुआ वादा निभाते हुए निवारु से सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा, सुचारु यातायात व सुगम परिवहन की सुविधा से क्षेत्र की जनता को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में जन सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाकर बुनियादी सुविधाओं में विस्तार करने हेतु हम सभी प्रतिबद्ध हैं।

## राजू ठेहट और शिवराज गैंग के दो सक्रिय सदस्य हथियार सहित गिरफ्तार

- **तीन पिस्टल, दो देसी कट्टा एवं पन्द्रह जिन्दा कारतूस जब्त**



**चमकता राजस्थान। - जयपुर! (खलील कुरैशी)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) के तहत- चित्रकूट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए राजू ठेहट और शिवराज गैंग के दो बदमाशों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तीन पिस्टल, दो देसी कट्टा एवं पन्द्रह जिन्दा कारतूस बरामद किए है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी उजागर सिंह निवासी पाटन जिला सीकर हाल झोटवाडा जयपुर हाल कालवाड जयपुर राजू ठेहट गैंग का सक्रिय सदस्य और केसवार भी रहा है। जो थाना जवाहर सर्किल एवं मानसरोवर के मामलों में दस हजार रुपये का इनामी अपराधी है। वहीं शिवराज गैंग का सदस्य आरोपी पृथ्वीराज निवासी मुरलीपुरा जयपुर थाना कोतवाली जिला दौसा का इनामी अपराधी है। आरोपित बिज्जू गुलाबबाड़ी मर्डर प्रकरण में शिवराज गैंग के कहने पर किसी गवाह की हत्या करने की योजना थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत चित्रकूट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजू ठेहट गैंग का सक्रिय सदस्य और केसवार रहे उजागर सिंह और शिवराज गैंग का सदस्य पृथ्वीराज निवासी मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तीन पिस्टल, दो देसी कट्टा एवं पन्द्रह जिन्दा कारतूस जब्त किए है। आरोपित उजागर सिंह पुलिस थाना झोटवाड़ा का हार्डकोर-हिस्ट्रीशीटर है और दो साल से पुलिस थाना जवाहर सर्किल थाने के प्रकरण में वांछित चल रहा था। जिस पर पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) एवं पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) द्वारा 5000-5000 रुपये का ईनाम घोषित था।

# आम पर्यटक बन नारगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंचे वनमंत्री संजय शर्मा

### पार्क प्रबंधन प्रशासन की व्यवस्थाओं में अनियमितता देखकर जतायी नाराजगी

### वन्यजीवों को ढाई घंटे देरी से परोसा जा रहा था सड़ा हुआ खाना

चमकता राजस्थान


जयपुर (खलील कुरैशी)। वन मंत्री संजय शर्मा गुरुवार को नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में आम आदमी बनकर औचक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्होंने बिना वन विभाग के कर्मचारियों को बताए आम आदमियों की तरह लाइन में लग टिकट लिया। वही गाड़ी की रसीद कटवा कर बायोलॉजिकल पार्क पहुंचे जहां बड़ी अनियमिताएं सामने आई है। इसके बाद शर्मा ने आला अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। दरअसल, वन मंत्री संजय शर्मा गुरुवार को बिना वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बताए अपनी निजी गाड़े से दोपहर 1 बजे नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंचे। इस दौरान आम पर्यटक की तरह शर्मा ने लाइन में लगकर टिकट लिया और अपनी गाड़ी की एंट्री टिक- ट भी कटवाया। इसके बाद वन मंत्री ने जैसे ही बायोलॉजिकल पार्क में एंट्री ली, तो वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वहां कोई चेकिंग नहीं की गई। वहीं बायोलॉजिकल पार्क में भी जगह-जगह कचरे के ढेर और प्लास्टिक की बोतल नजर आई। इसके बाद वन मंत्री संजय शर्मा वन विभाग के स्टाफ ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने हाजरी रजिस्टर्ड चेक किया। जिसके मिलान में उस वक्त काफी कर्मचारी नदारद मिले। इसके साथ ही स्टाफ ऑफिस में भी प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक की बोतल रखी हुई नजर आई। जिस पर शर्मा ने आपत्ति दर्ज करते हुए भविष्य में प्लास्टिक बोतल का इस्तमाल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इसके बाद शर्मा बायोलॉजिकल पार्क के निरिक्षण पर निकले, तो दोपहर 1.30 बजे वन्यजीवों को भोजन परोसा जा रहा था। जबकि वन्यजीवों को भोजन परोसने का निर्धारित वक्त सुबह 11 बजे था। ऐसे में शर्मा ने वन्यजीवों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांचा, जिसमे काफी बदबू आ रही थी। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जांच के आदेश दिए।पर्यटकों से बातचीत की। इस दौरान वन मंत्री ने नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क आने वाले ही पर्यटकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। तो पता चला कि नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में पर्यटकों को सफारी करने के लिए सिर्फ एक ही इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल है जिसकी वजह से बड़ी संख्या में वहां आने वाले पर्यटकों को पैदल ही परेशान होना पड़ रहा था। इस पर मंत्री ने जल्द नई गाड़ी उपलब्ध कराने के साथ ही पार्क में प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने और वन्यजीवों को निर्धारित वक्त पर उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन देने के आदेश दिए।



## संक्षिप्त खबर


### मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता लाई रंग

## 6 और पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** पाक विस्थापितों के हक-हकूक एवं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन पाक विस्थापितों को नियम एवं पात्रता अनुसार भारतीय नागरिकता प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इसी संवेदनशीलता के चलते बरसों से भारतीय नागरिकता के लिए प्रयास कर रहे 6 पाक विस्थापितों के लिए गुरुवार का दिन खुशियां लेकर आया। कलक्ट्रेट में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाहा ने कविता बाई, निर्मलदास, शभागु मल, पूरी बाई, मुकेश लाल एवं शंकरलाल सहित 6 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। जयपुर जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 325 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जा चुकी है। अरसे बाद नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर शंकर लाल की आंखें छलक आईं। शंकर लाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा था लेकिन अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद ना केवल उन्हें पहचान मिली है बल्कि अब सरकारी योजनाओं की मदद से वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी कल पहुचेंगे अजमेर



**चमकता लाजस्थान, श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** केंद्रीय राज्य मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार अजमेर आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भागीरथ चौधरी का जगह जगह होगा स्वागत अजमेर पहुँचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी सुरसुरा तेजाजी धाम, निम्बार्क पीठ सलेमाबाद एवं पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना कर करेंगे जगतपिता ब्रम्हा के दर्शन इस दौरान स्थानीय पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे तैयारियों में।

## विद्यार्थियों ने समझी जिला औषधि भंडार की कार्यविधि

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** मिनी स्वास्थ्य भवन स्थित सीएमएचओ कार्यालय जयपुर प्रथम के जिला औषधि भंडार में गुरुवार को आईआईएचएमआर संस्थान के विद्यार्थियों ने विजिट की और औषधि भंडार की कार्य प्रणाली के विषय मे विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक, आरएमएससीएल (लॉजिस्टिक्स) डॉ. कल्पना व्यास उपस्थित रहीं। विजिट के दौरान फार्मासिस्ट विनोद ने आईआईएचएमआर स्टूडेंट्स को औषधि भंडार की समस्त कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को दवा की गुणवत्ता की पहचान करने के तरीकों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। साथ ही दवाइयों की मांग व आपूर्ति की ढांचागत संरचना को भी आसान शब्दों में समझाया। जिला औषधि भंडार परिसर में विजिट के दौरान स्टूडेंट्स काफी उत्साहित नज़र आए। वे बारी बारी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत करते दिखाई दिए। स्टूडेंट्स के पूछे गए प्रश्नों के अंतर्गत उन्हें समय समय पर चिकित्सा संस्थानों पर दवाईयों को भेजने का तरीका बताया गया। साथ ही अनुपयोगी/तिथिबा' दवाओं के निस्तारण की क्रियाविधि भी समझाई गई। उन्हें बताया गया कि डिमांड के अनुसार ही दवाओं की सप्लाई की जाती है। स्टूडेंट्स को बताया गया कि औषधि भंडार में दवाओं की आपूर्ति कम होने और ब्लॉक चिकित्सा संस्थान स्तर से डिमांड प्राप्त होने पर राज्य स्तर पर जिले की डिमांड प्रेषित की जाती है।

# मंदिर को लेकर पुजारी एवं ग्रामीणों में उपजा विवाद

**मंदिर की अचल संपत्ति पर पुजारी जमा रहा अपना अधिकार**

**ग्रामीणों ने पुजारी के खिलाफ किया विरोध**



**चमकता राजस्थान**

**वैर (राजवीर सिंह)।** थाना इलाके के गांव गोठरा में मंदिर के पुजारी द्वारा मंदिर एवं मंदिर की जमीन पर कब्जा करने एवं ग्रामीणों द्वारा विरोध करने का मामला सामने आया है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बरसों पहले एक नरसिंह भगवान का मंदिर है जिसके नाम से करीब 23 बीघा जमीन है, ग्रामीणों ने मंदिर की पूजा पाठ एवं देखरेख के लिए 20 वर्ष पहले एक पुजारी रखा था और मंदिर के 23 बीघा जमीन को पुजारी को भरण पोषण के लिए दे दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बर्षो पहले से मंदिर में नरसिंह भगवान की मूर्ति स्थापित थी,जो कि पुजारी ने धोखाधड़ी करके उक्त मंदिर से नरसिंह भगवान की मूर्ति गायब कर दी और मंदिर एवं मंदिर के नाम लगभग 23 बीघा जमीन को अपने अधीन करने की कोशिश में लगा हुआ है वही ग्रामीणों द्वारा कुछ दिन पहले सामूहिक रूप से धार्मिक कार्यक्रम किया गया जिसकी बचत राशि करीब 2 लाख रूपये को ग्रामीणों द्वारा मंदिर के विकास कार्यों में लगाने का संकल्प किया लेकिन पुजारी द्वारा मंदिर के विकास कार्य में लगाने से इंकार किया गया और पुजारी द्वारा गांव के प्रमुख व्यक्तियों को पाबंद भी कर दिया गया लेकिन समस्त ग्राम वासियों ने पुजारी के इस कृत्य का विरोध किया।

**इनका कहना है**

गांव गोठरा में मंदिर को लेकर पुजारी एवं ग्रामीणों में विरोध का मामला सामने आया है जिसको लेकर दोनों पक्षों को प्रशासन की तरफ से समझाइश की जा रही है। विवाद को शांत करने के लिए मामले की जांच की जा रही है। एवं अपराध के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अनुराग शर्मा, अरविंद अवस्थी का शाखा प्रबंधक पद पर हुई पदोन्नति



**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड की पंजाब नेशनल बैंक शाखा बाड़ी से अनुराग शर्मा लोन ऑफीसर पद से, अरविंद अवस्थी रिकवरी ऑफिसर पद से प्रमोशन होकर कि शाखा प्रबंधक पद पर प्रमोशन हुआ ! उदयपुर डिवीजन की शाखा डूंगरपुर राजस्थान में जा रहे हैं ! अनुराग शर्मा शाखा पंजाब नेशनल बैंक बाडी धौलपुर के कर्मठ, लगनशील, ईमानदार, मिलनसार व्यक्ति होने के कारण शाखा बाड़ी धौलपुर की ब्रांच के समस्त स्टाफ एवं ब्रांच के सभी कर्मचारियों ने अनुराग शर्मा, अरविंद अवस्थी का साफा बांधकर एवं पुष्पमालाओं के साथ स्मृति चिन्ह भैटकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया ! इस कार्यक्रम के मौके पर पंजाब नेशनल बैंक कि शाखा प्रबंधक जिनस परमार, सेकंड मैनेजर नवीन गोयल, रमन गर्ग, सचिन कुमार, निखिल अग्रवाल, निक्की मीणा, चेतन, मनीष आदि कर्मचारी मौजूद रहे !

## गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर निधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए राजाखेड़ा में गांधी मिष्ठान भंडार से गुजिया का नमूना, दिनेश कुमार गुप्ता किराना स्टोर से बेसन का नमूना, पारस मिष्ठान भंडार से बेसन के लड्डू का नमूना, दिनेश मिष्ठान भंडार से मावे का नमूना लिया। लिए गए नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बाड़ी उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आए अब तक के सबसे अधिक परिवाद

**चमकता राजस्थान**




**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आये अब तक के सबसे अधिक परिवाद, जनसुनवाई में संभागीय आयुक्त के आने की सूचना से लोग पहुंचे ज्यादातर समस्याएं लेकर पंचायत समिति सभागार में वही पर ज्यादातर उपखंड स्तरीय अधिकारी भी रहे मोजूद, आज की जनसुनवाई में 45 परिवाद आये ! उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा 10 प्रकरणों को मौके पर किया निस्तारण, वही अन्य सभी परिवादो के निस्तारण के लिए सबंधित विभागो के अधिकारियों को दिए निर्देश, सबसे आधिक नगरपालिका से संबंधित समस्याएं आई सामने, साफझसफाई, अतिक्रमण, नालों की निकासी आदि की समायाओ को लेकर लोग पहुंचे जनसुनवाई सभागार कार्यक्रम में, नगरपालिका बोर्ड की सबसे बड़ी विडंबना नगरपालिका को संचालित करने वाले पार्षद भी अपने वार्डो की समस्याओ को लेकर आए जनसुनवाई में, अंधाना पेलेस से लाहोरिया पुरा तक की रास्ता का अतिक्रमण, होद के गंदे पानी की निकासी, सीवर लाइन का झोल, अन्य कई अतिक्रमण आदि की समस्याएं रही प्रमुख, आज की जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी एसडीएम राधेश्याम मीणा, तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खान, विकास अधिकारी नरेंद्र गुर्जर, ई.ओ. रविंद्र सिंह, एक्सईएन विश्नोई, डॉ. हरकिशन मंगल पीएमओ, डॉ. गब्बर सिंह बीसीएमओ, देशराज गुर्जर ऐईएन, होतम सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि, अकरम खान सहायक अभियंता, रविंद्र कुमार मीणा जेईन, अरुण कुमार जेईन, विजेंद्रसिंह जेईएन, रामकुमार मीणा समाज कल्याण विभाग, राम मुकट गुर्जर समेत विभिन्न विभागों के उपखंड स्तरीय अधिकारी रहे मौजूद।

## भारद्वाज मार्केट में फिर हुई चोरी की वारदात



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** पुलिस कोतवाली बाड़ी के अंतर्गत आने वाली भारद्वाज मार्केट गर्ल्स स्कूल के पास बाड़ी में आज रात्रि लगभग 12:00 बजे परचूने, फोटो स्टूडियो और बुक सेलर की दुकान के ताले चटकाए, तीन दुकानों में से एक दुकान में चोरी की वारदात करने में हुए कामयाब,चोरों ने परचून की दुकान से हजारों का सामान और नगदी की पार, गर्ल्स स्कूल के पास नेता जी की कोठी के सामने मनीष कुमार की परचून की दुकान है ! पूर्व में भी चोरों ने भारद्वाज मार्केट की कई दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया ! अब तक की वारदातो में पुलिस की कार्यवाही सिर्फ एफआईआर दर्ज करने तक रही है ! सीमित, आज तक किसी भी चोरी की वारदात का नही हो सका है ! खुलासा, शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी अब तक वारदातो को रोकने में रहे नाकाम।

## नसीराबद उप खण्ड अधिकारी को मुख्य सड़क के डामरीकरण करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा



**चमकता राजस्थान, श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित लवेरा के ग्राम लवेरा से लेकर लवेरा चौराहे हाईवे तक डामरीकरण करवाने को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। लवेरा निवासी एडवोकेट शिवजी राम गुर्जर ने बताया कि लवेरा की मुख्य सड़क आठ से दस गांवों को जोड़ती है जिनमे लवेरा, मोडी, मंडियानी, रामपुरा अहिरान, जिलावाडा, कानपुरा, तिहारी, नवाब इन गांवों के ग्रामीणों का नजदीकी शहर नसीराबाद से आने जाने का एकमात्र रास्ता यही है इसलिए इस मुख्य समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान हो। उपस्थित ग्रामीणों में बार उपाध्यक्ष एडवोकेट गोरधन लाल गुर्जर, एडवोकेट हरिराम गुर्जर, गोपाल लाल गुर्जर, बसराम गुर्जर, महेन्द्र गाठीला, अशोक कोली, जुगराज मेघवंशी, हेमराज मेघवंशी, सोजी सेन, विष्णु वैष्णव आदि मौजूद रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में की प्रभावी कार्रवाई**

# 32 बीघा भूमि पर पांच नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**➲ जेडीए व नगर निगम ने सामुहिक अभियान बनाकर सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण**

**चमकता राजस्थान**







**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 32 बीघा कृषि भूमि पर 05 नवीन अवैध कॉलोनियां का पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-08 में नगर निगम, यातायात के साथ सामुहिक अभियान के तहत सांगानेर से मालपुरा गेट से टूटी पुलिया तक करीब 03 किमी. तक रोड़ सीमाओं को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चंदलाई जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''भैरव सिटी-13'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम तीतरिया, जेडीए कॉलोनी अभिनव विहार के पास, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम तीतरिया के आगे, तेजाजी मन्दिर के पास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मोहनपुरा, रिंग रोड़ के पास, जिला जयपुर में करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''सुभाष नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रैवल, डामर की सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम राबड़ो की ढ़ाणी, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।साथ ही नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-1, 2 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सांगानेर से मालपुरा गेट से टूटी पुलिया तक करीब 03 किमी. तक अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 35 स्थानों पर लगाये गये थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा कोअतिक्रणमण मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाहियां नगर निगम का जाप्ता व यातायात पुलिस जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# विकसित एवं संपन्न राजस्थान के लिए राजस्व संग्रहण बढ़ाएं : पंत

## मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को पूर्ण करने एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए राजस्व संग्रहण अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजस्व अर्जन को बढ़ाने के साथ ही लोगों को ईमानदारी से कर अदायगी के लिए प्रोत्साहित करें। मुख्य सचिव ने विभागों से राजस्व संग्रहण में बकाया कर वसूली के लिए अभियान चलाने के लिए कहा।सीएस पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में राज्य की राजस्व प्राप्ति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टैक्स चोरी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि ईमानदारी से कर अदा करने वालों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। उन्होंने प्रदेश में अवैध खनन व उसके परिवहन, अवैध मदिरा के विक्रय व परिवहन तथा कर चोरी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विस्तृत योजना बनाने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अपने जिले में राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा करें और संग्रहण में वृद्धि के लिए नवाचारों को प्रोत्साहित करें। मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उड़न दस्तों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर उनकी रैंडम चैकिंग करवाएं। उन्होंने खान विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अवैध खनन की सूचनाओं और शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्मिकों को उनके कर्तव्य में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों पर भी कठोर कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें।



## एक नजर

### होम गार्डों का सेवानिवृत्ति भत्ता बढ़ाया गया

**कोलकाता।** नवान्न ने एक अधिसूचना जारी कर कोलकाता और राज्य पुलिस में कार्यरत होम गार्डों के सेवानिवृत्ति भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा की। होम गार्डों को अब सेवानिवृत्ति भत्ते के रूप में 5 लाख रुपये मिलेंगे। अभी तक उन्हें रिटायरमेंट के समय इसके लिए 3 लाख रुपये का भत्ता मिलता था। हालांकि, शुरूआत में उनका सेवानिवृत्ति भत्ता केवल 50,000 रुपये था। लेकिन अब उस रिटायरमेंट भत्ते में काफी बढ़ोतरी कर दी गई है। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, होम गाड्र्स के लिए लिए गए इस फैसले के बारे में कोलकाता पुलिस कमिश्नर और राज्य पुलिस डीजी को लिखित तौर पर जानकारी दे दी गई है।

### 24 जून को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**पूर्वी चंपारण।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर अभ्यर्थियों के द्वारा लेखा पंजी जमा करने से संबंधित प्रशिक्षण एवं लेखा समाधान बैठक की तिथि निर्धारित कर दी गई है। आगामी 24 जून को प्रशिक्षण व 29 लेखा समाधान की बैठक होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के तहत निर्वाचन परिणाम घोषणा के 30 दिनों के अंदर निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा 03-पूर्वी चंपारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 04- शिवहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण एवं व्यय समाधान बैठक की तिथि निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने बताया है कि सभी अभ्यर्थी स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से ससमय प्रशिक्षण एवं समाधान बैठक में भाग लेंगे।

### रंगदारी मामले में पप्पू यादव को मिली बेल

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को रंगदारी मामले में कोर्ट से बेल मिल गई है। पप्पू यादव गुरुवार को अपने वकील के साथ पूर्णिया व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां न्यायालय ने उन्हें रंगदारी मामले में बेल दे दी। कोर्ट से बाहर निकलकर पप्पू यादव ने जज साहब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इतना हर्ट हुआ हूं की आज तक 57 साल के उम्र में कभी नहीं हुआ था । इतना मेंटल टॉर्चर कभी नहीं हुआ । मै आज तक जिस इंसान से कभी मिला ही नहीं उनके एक आवेदन पर थाना प्रभारी के मिली भगत से मुझपर केस कर दिया गया। वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह सब किया गया है । मेरे ऊपर बिना मतलब के कई तरह की धाराएं लगाई गई। जबरदस्ती सीजीएम कोर्ट में धारा 385 लगाया गया जिसका मतलब है, मैं मिला, सामने से धमकी दी और मौखिक रूप से मांग की। ये बिल्कुल गलत है। पप्पू यादव ने कहा कि थाना प्रभारी का कॉल डिटेल निकाला जाए साथ ही उस आदमी का भी कॉल डिटेल निकाला जाए और देखा जाए की कब कहां किन से बात हुई है। सारा मामले सामने आ जाएगा और पता चल जाएगा कि इस साजिश के पीछे कौन है।

### संदिग्ध अवस्था में मिला विवाहिता का शव

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड 12 अमीर खान टोला के एक घर से संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता का शव बरामद किया गया है। वही इस मामले में मृतका के पिता पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के बखरिया गांव निवासी सत्तार मियां ने दहेज में चार चक्का गाड़ी के लिए उसकी बेटी की हत्या करने का आरोप उसके ससुराल वालो पर लगाया है। उन्होंने कहा है,कि दो वर्ष पूर्व सुगौली के अमीर खां टोला निवासी शाहिल अंसारी के साथ अपनी पुत्री सहीना खातुन की शादी की थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले चार चक्का गाड़ी की मांग कर रहे थे। जिसे मै नहीं दे पाया तो उसके दमाद और उसके परिवार के लोगों ने मेरी बेटी की साजिश के तहत हत्या कर दी है। मृतक महिला का छह महीने का एक बेटा भी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पिता के लिखित शिकायत पर उसके पति को घटना स्थल से हीं तत्काल हिरासत में ले लिया।

### अभिषेक शानू लगातार लहरा रहे परचम

**भागलपुर।** जिले के नवगछिया अनुमंडल के भ्रमरपुर गांव के लाल अभिषेक मिश्र शानू लगातार अपनी कंमेंट्री के माध्यम से जलवा बिखेर रहें हैं। अभिषेक शानू एक बार तब चर्चा में आये जब देशभर के लोगों ने उनको दूरदर्शन स्पोर्ट्स और प्रसार भारती पर कंमेंट्री करते सुना। दरअसल अभिषेक ने भारत बनाम श्रीलंका के बीच चल रहे व्हीलचेयर टी 20 श्रृखंला का आँखों देखा हाल सुनाया। साथ ही अभिषेक टी20 वर्ल्ड कप के दौरान स्टूडियो से प्री मैच शो, पोस्ट मैच शो और मिड मैच शो के दौरान भी सुने गए थे। अभिषेक ने बताया कि अगस्त माह में कनाडा में होने वाले टी 20 लीग के लिए भी उसे बुलावा आया है। अभिषेक शानू एशिया कप के लिए दुबई से भारत-पाकिस्तान मैच की कंमेंट्री के बुलावे के बाद चर्चा में आये थे। अभिषेक शानू इससे पहले एशियन एक्सलेंस अवार्ड, स्टार मिलेनियम अवार्ड जैसे कई अवार्ड से नवाजे जा चुके हैं।

### तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**मधुबनी।** जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के धनौजा गांव में गुरूवार को तीन बच्चों का तालाब में डूबने से मृत्यु की सूचना है।दिवेश मंडल व जिबो देवी की पुत्री दुर्गा कुमारी( 13 ) वर्ष के साथ खुशबू कुमारी( 11 ) वर्ष व अंकित कुमार ( 9 )वर्ष के तीन बच्चे की डूबकर मृत्यु की खबर है। मोहन मंडल व पिंकी देवी की दो संतान खुशबु व अंकित सगा भाई-बहन बताया। प्रचंड गर्मी में तीन बच्चा तालाब में किनारे स्नान व खेल कर रहा था।

# कर्नल बैंसला के नाम बनेगा एजुकेशन इंस्टीट्यूट : भजनलाल शर्मा

## स्व. बैंसला की प्रतिमा का विधिवत एवं भव्य अनावरण

चमकता राजस्थान

जयपुर/टोडाभीम (गंगापुर)। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नल साहब की सोच राष्ट्रवादी थी। यहां लगी उनकी प्रतिमा युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित भी करेगी। कर्नल साहब का सपना था कि हर व्यक्ति को अच्छी सेहत और शिक्षा मिले। बालिका शिक्षा पर उन्होंने हमेशा जोर दिया। हमारी सरकारी भी इसी ओर काम कर रही है। सीएम ने कर्नल किरोड़ी बैंसला के नाम एजुकेशन इंस्टीट्यूट की भी घोषणा की। गंगापुर सिटी के मूंडिया गांव में कर्नल बैंसला की वियतनाम पत्थर से बनी विशेष मूर्ति लगाई गई है। करीब डेढ़ साल यह प्रतिमा बनकर तैयार हुई है। कार्यक्रम में करौली, धौलपुर सहित कई जिलों से सर्व समाज के लोग शामिल हुए। कर्नल बैंसला का मार्च 2022 में निधन हो गया था। उन्होंने साल 2004 में सबसे पहले गुर्जर समाज को अलग से आरक्षण देने की मांग की थी। पटरी पर बैठकर आंदोलन करने से वह आरक्षण आंदोलन का चेहरा बन गए थे।



- **जल जीवन मिशन का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा**

सीएम ने कहा कि हम एक-एक वादे को पूरा करेंगे। पहले भी देखा होगा, अब भी देखते है कई पार्टियां भ्रमित करने का काम करती हैं। हमें उनके झांसे में नहीं आना है। सबसे ज्यादा राज राजस्थान में किसने किया। अब वो क्या पूछना चाहते हैं। भाजपा सरकार ने एक एक गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया है। जेजेएम के अंदर राजस्थान में कितना पैसा आया, लेकिन या तो वो लगा नहीं या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

- **राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि में बढ़ाए हैं 2 हजार रुपए**

सीएम ने कहा कि देश के किसान हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कार्यकाल का पहला फैसला किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने का किया। राज्य सरकार ने चंबल नदी का पानी लाने के लिए मंजूरी दी। इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री किसान निधि में राज्य सरकार ने 2 हजार बढ़ाए हैं।

# नगर निगम ग्रेटर की अनुकरणीय पहल : योग में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जयपुर



चमकता राजस्थान

**जयपुर( खलील कुरैशी)।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 पर विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है और यह रिकॉर्ड होगा लगातार 1500 घंटे योग करने का। जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के आ''ान पर जयपुर के करीब 48 योग संस्थानों के योगाचार्य, योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रेमी साधक इसमें सहभागी होने जा रहे हैं सभी में इस वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रति उत्साह गुरुवार को कार्यक्रम स्थल पर वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी के अभ्यास में देखने को मिला। वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी के संबंध में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि जयपुर भटारकजी की नसिया जयपुर स्थित इंद्रलोक सभागार में आगामी 16 जून को प्रातः 7:00 बजे से 17 जून प्रातः 7:00 बजे तक लगातार 24 घंटे सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनो का सार्वजनिक प्रदर्शन सैकड़ों योग प्रेमी करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं इसके प्रति योग प्रेमियों के साथ आमजन में भी विशेष उत्साह एवं रुझान देखा जा रहा है।

# परिजनों की एफआईआर दर्ज नहीं करने को लेकर भड़के हिंदू संगठन

## पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने एफआईआर दर्ज करने से मना किया

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)जयपुर शहर में थाने में परिजनों की एफआईआर दर्ज नहीं करने के बाद परिजनों के साथ पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार से कई संगठन मिलने पहुंचे और कार्रवाई करने की मांग की। लेकिन पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने एफआईआर दर्ज के आदेश से मना कर दिया। इसके बाद संगठनो के पदाधिकारी और वकील भड़क गये कि परिवादी फिर कहां जाएगा। यदि पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम भी किसी की नहीं सुनेगा तो दुखी व्यक्ति कहां जाएगा। इसके बाद फाइट फॉर राइट के अध्यक्ष सुनील उदेईया, परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज, अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज थोई, डिस्ट्रीक बार के पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा, डिस्ट्रीक बार के सचिव अखिलेश जोशी, एडवोकेट महावीर शर्मा, एडवोकेट कमल कांत शर्मा, हिंदू जागरण मंच के रवि गौतम, अपराजित महिला संगठन की अध्यक्ष हर्षिता शर्मा, ब्राह्मण महासंघ की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता शर्मा, वीणा शर्मा सहित सैकडो लोग पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम कार्यालय में ही बैठ गये। इसके बाद विधायक गोपाल शर्मा और उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद डीसीपी ने एफआईआर दर्ज के आदेश दिये ।फाइट फॉर राइट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया और अन्य सभी संगठनों ने सरकार से मांग की है कि अंतरधार्मिक-विवाहों पर रोक लगाने का कानून बनाये। इससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है साथ ही भोली-भाली बच्चियों के साथ अप्रिय घटनाएँ बढ़ रही और हत्या कर सूटकेस व फिज में डालने जैसी घटनाएँ हो रही है। मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में उच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में ऐसी शादियों को अवैध घोषित करने के आदेश दिये है। इस संबंध में सरकार और प्रशासन ने यदि कड़े कदम नहीं उठाये तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा ।



- **काफ़ी हंगामे के बाद विधायक गोपाल शर्मा और सीएमओ के हस्तक्षेप से एफआईआर दर्ज के आदेश दिये**

### राशन भ्रष्टाचार में ईडी की निगरानी में 50 और लोग

**कोलकाता।** राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में सिर्फ अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता ही नहीं, कम से कम 50 अन्य लोग जांच के दायरे में हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक ये खबर है। पता चला है कि जिन 50 लोगों दायर के नीचे हैं, उन्हें राशन का 'भ्रष्टाचार' का पैसा इधर-उधर होने के संकेत मिले हैं। हालांकि, इस बारे में आश्वस्त होने के लिए जांचकर्ता संदिग्धों के बैंक दस्तावेजों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में स्पष्ट संकेत मिलने पर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। संयोग से, राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी पहले ही राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक, बनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या, राशन व्यापारी बकीबुर रहमान और उनके करीबी सहयोगियों सहित सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं को गिरफ्तार कर चुकी है। 5 जनवरी को राशन भ्रष्टाचार की जांच के दौरान संदेशखाली के तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर गए ईडी अधिकारियों पर हमला किया गया था।

## एक नजर

### किसान महाकुंभ में बड़ी संख्या में जुटेंगे किसान : संजय चौधरी



हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ग्रुप) के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने गुरुवार को 16 जून से होने वाले किसान महाकुंभ को लेकर जानकारी साझा की। संजय चौधरी ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि 16 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष (भारतीय किसान यूनियन) राकेश टिकैत हरिद्वार पहुंच रहे हैं, जहां वह देशभर से आने वाले किसानों को संबोधित करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान महाकुंभ में जुटेंगे। किसानों की समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार से अपनी मांगों के समर्थन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों में प्रमुख मुद्दा एमएसपी की गारंटी का है।

### गंगोत्री धाम में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**उत्तरकाशी।** गंगा विचार मंच उत्तराखंड के नेतृत्व में गंगोत्री धाम में गंगा के स्नान घाटों पर वृहद स्वच्छता अभियान के साथ जनजागृति अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान करीब 100 बोरे नए व पुराने वस्त्र एकत्रित कर नगर पंचायत गंगोत्री को सुपुर्द किए गए। गंगोत्री धाम में गंगा के तट पर गंगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट और गंगा विचार मंच गंगोत्री के जिला संयोजक रावल अशोक सेमवाल के नेतृत्व में गंगा दशहरा से पूर्व गंगोत्री मन्दिर समिति, गंगा पुरोहित सभा, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, वन विभाग, नगर पंचायत गंगोत्री और तीर्थ पुरोहितों के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं, गंगोत्री नगर पंचायत गंगोत्री के कर्मचारियों और वन विभाग गंगोत्री नेशनल पार्क के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें शपथ दिलवाई गई।

### चोरी की योजना बना रहे चार लोगों को पकड़ा

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे चार लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपितों में एक महिला भी शामिल है। नगर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि विष्णु घाट पुल के नीचे 04 लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चारों के पास से एक-एक ब्लेड बरामद की। पकड़े गए आरोपितों के नाम सुनील निवासी जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश, शादाब निवासी जिला गाजियाबाद उ.प्र., रविंद्र पुत्र सुभाष निवासी सोहीपुर मेरठ, उ.प्र. तथा एक महिला है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने दबोचे दो वाहन चोर

**हरिद्वार।** पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपितों को पकड़ा है। इनके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक नईम पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी रामपुर रुड़की ने कोतवाली गंगनहर में अपनी बाइक चोरी हो जाने के संबध में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वाहन चोर की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तलबपुर तिराहा हनुमान मंदिर के पास से चेकिंग के दौरान दो युवकों उवेश पुत्र फुरकान तथा अतुल उर्फ लालटेन पुत्र बिशनलाल निवासी पुरानी तहसील रुड़की कोतवाली गंगनहर को पकड़ा। इनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई।

### छत्तीसगढ़ को मिलेगी एक और वंदे-भारत एक्सप्रेस

**रायपुर।** दुर्ग से विशाखापट्टनम तक वंदे-भारत एक्सप्रेस चलेगी । रेलवे मंडल से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इसी माह से यह ट्रैन चलने लगेगी। दुर्ग से वंदे भारत ट्रेन सुबह छह बजे चलेगी और फिर दोपहर ढाई बजे विशाखापट्टनम पहुंच जाएगी। इसके बाद वापसी के समय सवा तीन बजे विशाखापट्टनम से चलेगी और फिर देर रात 11.50 पर यह ट्रेन वापस दुर्ग पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग, भिलाई, चरोदा, कुम्हारी और राजधानी रायपुर में बड़ी संख्या में रहने वाले आंध्र प्रदेश के मूल निवासियों की आवश्यकता को देखते हुए लोकसभा चुनाव के ठीक पहले रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में एक पत्र लिखा था। उन्होंने दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग की थी। आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री की मांग और यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए एकमात्र दुर्ग-विशाखापट्टनम वाल्टेयर एक्सप्रेस चल रही है। यह ट्रेन विशाखापट्टनम पहुंचने में लगभग 16 घंटे का समय लेती है ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल एयरपोर्ट से किया 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' संचालन का शुभारंभ

# 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' प्रदेश के विकास को नया आयाम देगी : डॉ. यादव

**भोपाल। एजेंसी**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री को समर्पित 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' से प्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को भी लाभ होगा। प्रदेश में बढ़ रही एयर कनेक्टिविटी की सौगात सभी सेक्टरों को मिलेगी और प्रदेश के विकास को नये आयाम मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को ₹पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा₹ संचालन के शुभारंभ अवसर पर भोपाल एयरपोर्ट स्थित सेवा का टिकट बुकिंग काउंटर आरंभ किया तथा यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए।

देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेंनिंग स्कूल खजुराहो में संचालित मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सहयोग से देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेंनिंग स्कूल खजुराहो में आरंभ किया गया है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि जहां-जहां हवाई पट्टियां हैं, वहां-वहां पायलट ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट, निकटवर्ती विश्वविद्यालय के माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा जारी करें। इस पहल से प्रदेश में रोजगारपरक शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश भी आकर्षित होगा। संपूर्ण विश्व के लोगों के लिए मध्य प्रदेश आकर्षण का केंद्र बन रहा है। वायु सेवा से संपूर्ण प्रदेश में आवागमन सरल होगा। ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर दोनों ज्योतिलिंगों को वायु सेवा से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। कोशिश है कि इंदौर अथवा भोपाल से कम समय में दोनों ज्योतिलिंगों के दर्शन हो सकें। ओरछा, सलकनपुर, कटनी व दतिया जैसे धार्मिक स्थलों को भी एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने भोपाल से जबलपुर रीवा सिंगरौली के लिए प्रस्थान कर रहे विमान के यात्रियों धर्मेंद्र दुबे, दिव्यराज सिंह, कुलदीप, नदीम खान तथा मनोज श्रीवास्तव को बोर्डिंग पास प्रदान किया। उन्होंने विमान सेवा की यात्रा का लाभ लेने वाले इन प्रथम यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत किया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए। संस्कृति, पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र पर्यटन के नक्शे में जुड़ जायेंगे। जिसका फायदा स्थानीय लोगों को होगा और रोजगार के नये अवसर सर्जित होगे। राज्य शासन पर्यटकों की सुविधाओं में विस्तार, पहुंच में सुगमता और सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

### आवागमन कम समय में सुगम होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का 15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से शुभारंभ करेंगे। 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' में प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र यूरोप के कई देशों से अधिक है, जनसंख्या की दृष्टि से भी हमारा प्रदेश कई देशों से बड़ा है। इस परिपेक्ष्य में प्रदेश में आरंभ हो रही विमान सेवा से परंपरागत रूप से यात्रा में सड़क और रेल मार्ग से लगने वाले समय में बहुत कमी आएगी। प्रदेश के सुदूरवर्ती रीवा-सिंगरौली क्षेत्र से आवागमन सुगम होगा साथ ही समय भी कम लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई यातायात के अंतर्गत तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश में सभी प्रमुख स्थलों पर एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है, आवश्यकता होने पर कलेक्टर से संपर्क कर एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। चुनाव अवधि में भी एयर एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दी हैं। पूरे देश में केवल मध्यप्रदेश ही है जहा इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एयर एंबुलेंस सेवा समाज के लिए समर्पित है। राज्य सरकार को 6 माह पूर्ण हो रहे हैं । इस अवधि में विकास की दिशा में प्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

वायु सेवा से पर्यटन क्षेत्र को नई ऊँचाईयां मिलेगी। इच्छुक पर्यटक www.flyola.in पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है। ₹पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा₹ का संचालन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लायओला) द्वारा किया जा रहा है।

## विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने को सुरक्षा एजेंसियां देंगी मुंहतोड़ जवाब : डीजीपी

**श्रीनगर। एजेंसी**



पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने गुरुवार को कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी स्वैन ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों ने क्षेत्र में सुरक्षा चुनौती पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि जब आतंकी हैंडलर कश्मीर और जम्मू में स्थानीय लोगों की भर्ती करने में विफल होते हैं तो दुश्मन का इरादा नियंत्रण रेखा के पार स्थानीय लोगों की भर्ती करना और उन्हें शांति भंग करने और लोगों को मारने के लिए हमारे क्षेत्र में धकेलना होता है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं और हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जब आपके पास लोगों को मारने और परेशानी पैदा करने के लिए तैयार दुश्मन हो तो हमें भी उसका मुकाबला करने और कुछ नुकसान उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

डीजीपी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में जंगल, नदियां और पहाड़ियां आदि एक कठिन इलाका है। उन्होंने कहा कि ये विदेशी आतंकी बड़ी संख्या में नहीं हैं, लेकिन वे कानून के तहत काम नहीं कर रहे हैं और किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हम उन्हें उसी तरह से हराएंगे जैसे 1995 से 2005 के बीच जम्मू क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाने की कोशिश करने के बाद उन्हें हराया गया था।

## राज्यसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्ष मिल कर उतारे अपना उम्मीदवार: बीरेंद्र सिंह

**जींद। एजेंसी**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा में रिक्त हुई राज्यसभा की सीट को लेकर विपक्ष को नसीहत देते हुए भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष द्वारा मिल कर अपना उम्मीदवार उतारा जाए। बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि भाजपा के कई विधायक भी भाजपा की नीतियों से खुश नहीं है। वे गुरुवार को गांव सेढ़ा माजरा में कार्यकताओं से रूबरू होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अभी जो लोकसभा के चुनाव हुए है उसमें दस राज्य सभा के सदस्य चुनाव जीते है तो राज्यसभा से त्याग पत्र दे दिए। ऐसे में दस सीटें राज्यसभा में रिक्त हुई है। हरियाणा में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य थे दीपेंद्र हुड्डा उन्होंने भी इस्तीफा दिया है तो वो सीट भी हरियाणा में अब भरी जानी है। इस चुनाव में इस चुनाव से पहले भी परिस्थिति ऐसी बनी थी कि जो भाजपा की सरकार है वो अपना बहुमत खो चुकी है। इसका लाभ उठाना चाहिए। क्योंकि बहुत से विधायक चाहे वो निर्दलीय है चाहे दूसरे अन्य दलों से है वो आज भाजपा का समर्थन आज नहीं कर रहे।

उन्होंने कहा कि मैं ये समझता हूॅ कि विपक्ष को मिलकर अपना एक उम्मीदवार राज्यसभा के लिए खड़ा करना चाहिए भाजपा के प्रत्याशी के मुकाबले में और हो सकता है कि भाजपा में भी बहुत से ऐसे विधायक है जो भाजपा की आर्थिक नीति या हरियाणा के संदर्भ में किसानों के प्रति जो भाजपा का रवैया रहा है। युवाओं के प्रति जो रवैया रहा है डेढ़ से दो लाख नौकरी आज भी खाली है। अनेकों ऐसे विषय है जिनकों अगर हम मिलकर प्रत्याशी खड़ा करें तो भाजपा की हार का मतलब ये होगा कि जो हरियाणा में उनके पास बचा है वो भी खोएगे।

### वाकनाघाट में अंगदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शिमला।** स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑगेनाइजेशन (सोटो) की टीम ने गुरूवार को सोलन के वाकनाघाट में व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन व स्थानीय लोगों को अंगदान के प्रति जागरूकता किया गया। इस दौरान आईजीएमसी से आई टीम ने रक्तदान शिविर भी लगाया। सोटो टीम ने लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया और पेंफ्लेट बांटकर अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। इस अवसर पर करीब 15 लोगों ने रंग दान का शपथ पत्र भरा। सोटो टीम ने बताया कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। अंगदान करने वाला व्यक्ति ऑर्गन के जरिए 8 लोगों का जीवन बचा सकता है। किसी व्यक्ति की ब्रेन डेथ की पुष्टि होने के बाद, डॉक्टर उसके घरवालों की इच्छा से शरीर से अंग निकाल पाते हैं। इससे पहले सभी कानूनी प्रकियाएं पूरी की जाती हैं। इस प्रक्रिया को एक निश्चित समय के भीतर पूरा करना होता है। ज्यादा समय होने पर अंग खराब होने शुरू हो जाते हैं।

## कुवैत अग्निकांड में भारत के 42 नागरिकों की मौत मदद के लिए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन पहुंचे

**कुवैत सिटी। एजेंसी**



भारत के विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। यहां पर वह सबसे पहले अस्पताल गए। वहां उन्होंने अग्निकांड में झुलसे भारतीय नागरिकों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने कुवैत के विदेशमंत्री अब्दुल्ला अली अल याहया से मुलाकात की। याहया ने भरोसा दिलाया कि वे शवों को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने में मदद करेंगे। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने भारतीय नागरिकों के शवों को मातृभूमि पहुंचाने के लिए विमानों की तैयारी का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद भी दी जाएगी। अमीर की घोषणा की पुष्टि आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ ने की है। उल्लेखनीय है कि कुवैत के मंगाफ शहर में एक बहुमंजिला इमारत में बुधवार को आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई। इनमें 42 भारतीय नागरिक हैं। इनमें केरल के 14 लोग शामिल हैं। छह मंजिला इमारत में लगी आग की लपटों में बड़ी संख्या में लोग झुलसे हैं।बताया गया है कि भारतीय राज्य केरल की स्वास्थ्यमंत्री वीना जॉर्ज भी कुवैत पहुंचने वाली हैं। वह आज ही भारत से कुवैत के लिए रवाना हुई हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि झुलसे लोगों का इलाज कुवैत के पांच अस्पतालों- अदान, जाबेर, फरवानिया, मुबारक अल कबीर और जाहरा में चल रहा है। सभी की हालत पहले से बेहतर है। कुवैत में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर 965-65505246 जारी किया है। अरब टाइम्स के अनुसार मरने वालों में 20 से 50 साल की आयु के बीच लोग है। इनमें ज्यादातर केरल और तमिलनाडु के हैं। सभी एनबीटीसी कंपनी में काम करते थे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत पहुंचे हैं।

## कुवैत की बहुमंजिला इमारत में भीषण आग से 49 लोगों की मौत

**कुवैत सिटी। एजेंसी**

दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मरने वालों में 40 भारतीय हैं। कुवैत की इस दर्दनाक घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस भीषण हादसे को देखते हुए घटना के कुछ देर बाद ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री को तत्काल कुवैत के लिए रवाना किया जा रहा है, ताकि वह आग लगने से प्रभावित लोगों और स्थानीय प्रशासन के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करें। अधिकारियों के अनुसार, ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेट के मंगफ क्षेत्र में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। उन्होंने कहा कि इमारत में लगभग एक ही कंपनी के लगभग 200 मजदूर रहते थे। कुवैत टाइम्स की खबर के अनुसार, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आग से मरने वालों की संख्या 49 तक पहुंच गई है।

## हनुमान के बिना न तो राम हैं और न रामायण: डॉ वेदांती

**हरिद्वार। एजेंसी**

कथा व्यास डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि हनुमानजी को भगवान राम का सबसे बड़ा भक्त माना जाता है। हनुमान सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ हैं। हनुमान के बगैर न तो राम हैं और न रामायण। वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम के गोवर्धन हाल में चल रही संगीतमयी श्रीमद् बाल्मीकिय श्रीराम कथा में वशिष्ठ भवन पीठाधीश्वर महंत डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि वन में रावण की बहन शूर्पणखा राम-लक्ष्मण को देखकर मोहित हो गई और शादी करने के लिए दवाब बनाने लगी। मना करने पर सीता पर हमला कर दिया। क्रोधित लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काट दी। मदद के लिए शूर्पणखा खर-दूषण के पास गईं, जिन्हें राम-लक्ष्मण ने मार दिया। यह घटना

**● वन में रावण की बहन शूर्पणखा राम-लक्ष्मण को देखकर मोहित हो गई और शादी करने के लिए दवाब बनाने लगी**



शूर्पणखा ने रावण को बताई। बहन के अपमान से क्रोधित रावण ने माता सीता का अपहरण कर लिया। कथा व्यास ने कहा कि जब रावण पंचवटी (महाराष्ट्र में नासिक के पास) से माता सीता का अपहरण कर श्रीलंका ले गया, तब राम और लक्ष्मण जंगलों की खाक छानते हुए माता सीता की खोज कर रहे थे। ऐसे कई मौके आए, जब उनको हताशा और निराशा हाथ लगी। इस दौरान कई घटनाएं घटीं। एक और जहां सीता की खोज में राम वन-वन भटक रहे थे तो दूसरी और किष्किंधा के दो वानरराज भाइयों बाली और सुग्रीव के बीच युद्ध हुआ और सुग्रीव को भागकर ऋष्यमूक पर्वत की एक गुफा में छिपना पड़ा। इस क्षेत्र में ही एक अंजनी पर्वत पर हनुमान के पिता का भी राज था, जहां हनुमानजी रहते थे। सीता को खोजते हुए जब श्रीराम-लक्ष्मण ऋष्यमूक पर्वत पहूंचे, तो सुग्रीव डर गया।

उन्होंने कहा कि वह भागते हुए हनुमान के पास गए और कहने लगे कि हमारी जान को खतरा है। सुग्रीव को लग रहा था कि कहीं यह बाली के भेजे हुए तो नहीं हैं। सुग्रीव ने हनुमानजी से कहा कि तुम ब्रह्मचारी का रूप धारण करके उनके समक्ष जाओ और उसके हृदय की बात जानकर मुझे बताओ। यदि वे सुग्रीव के भेजे हुए हैं तो मैं तुरंत ही यहां से कहीं ओर भाग जाऊंगा। प्रभु को पहचानकर हनुमान ने अपना असली शरीर प्रकट कर दिया। हनुमान और सुग्रीव से मिलने के बाद जिस रोज भगवान राम ने बाली का वध किया था, तब आषाड़ मास की अमावस्या के दिन सूर्य ग्रहण था।

## करनाल में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने की योजना: कमल गुप्ता

**चंडीगढ़। एजेंसी**



हरियाणा के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि अब आने वाले कुछ माह में करनाल से पूरे भारत के लिए हवाई सफर किया जा सकेगा। इसके लिए करनाल एयरोड्रोम को डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने की योजना है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने करनाल एयरोड्रोम का निरीक्षण किया। हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता गुरुवार को यहां एयरोड्रोम, लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस परियोजना को शीघ्र अति शीघ्र अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल के नागरिकों को सुविधा देने के लिए डोमेस्टिक एयरपोर्ट की परियोजना को अमलीजामा पहनाना चाहते हैं।

### तस्कर गिरफ्तार, 101 ग्राम स्मैक बरामद

**हरिद्वार।** नशा मुक्त हरिद्वार के तहत एएनटीएफ व ज्वालापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 101 ग्राम स्मैक तथा इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा नशा के स्पलाई होने की सूचना मिली। सूचना पर एएनटीएफ व ज्वालापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अम्बेडकर पार्क कडच्छ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 101 ग्राम स्मैक तथा इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम गुलाम जाबिर पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला सराय फतेहगंज, उत्तर प्रदेश बताया।

## एक नजर

### सरवनन को पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**नई दिल्ली।** नौकाचालक विष्णु सरवनन को आगामी पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में ऑस्ट्रेलिया में हुई आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैम्पियनशिप में जीत के साथ ही दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। पिछली बार हुए टोक्यो ओलंपिक में वह बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। सरवनन ने कहा टाक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे इसी कारण परिणाम की अधिक चिन्ता नहीं थी और मेरा ध्यान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर था। वह पिछले एक महीने से मार्सेल में साइप्रस के पावलोस कोंटाइड्स और क्रोएशिया के रियो टोन्सी स्टिपनोविच के साथ अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे ओलंपिक स्थल में ट्रेनिंग लेने का मौका मिला और मेरे साथ ओलंपिक पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

### भारत से मिली हार पर यूएसए के कप्तान ने कहा यदि हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप में भारत के खिलाफ बुधवार को मिली 7 विकेट से हार के बाद, यूएसए के कार्यवाहक कप्तान एरोन जोन्स ने कहा कि यदि उनकी टीम ने कुल 130 रन बनाए होते तो 'मेन इन ब्लू' के लिए यह एक कठिन लक्ष्य होता। अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी (4 ओवर 9 रन 4 विकेट) और उसके बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच हुई नाबाद 72 रनों की साझेदारी की बदौलत भारत ने चल रहे टी20 विश्व कप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के मैच में सह-मेजबान अमेरिका को 7 विकेट से हराकर सुपर 8 में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। जोन्स अपनी टीम के गेंदबाजी प्रयासों से खुश थे क्योंकि उन्होंने भारत को हर रन के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। जब दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टी20 टीम 111 रनों का पीछा करते हुए केवल 39 रनों पर 3 विकेट खो दे तो एक बड़ा उलटफेर होने की संभावना थी, जिसमें स्टार ओपनर विराट कोहली (0) और रोहित शर्मा (3) दोनों सौरभ नेत्रवलकर द्वारा जल्दी आउट हो गए।

### यूरो कप 2024 में अहम भूमिका निभाएंगे रोनाल्डो : छेत्री



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके जितना खतरनाक कोई अन्य खिलाड़ी नहीं हैं। छेत्री के अनुसार यूरो कप 2024 में भी रोनाल्डो अहम भूमिका निभाएंगे। 39 साल के रोनाल्डो ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इसके बाद भी छेत्री का कहना है कि रोनाल्डो जैसा कोई और नहीं है। छेत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह शुरूआत में तेजी से नहीं खेल पायें पर एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी दूसरा कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम कई स्टार खिलाड़ियों से भरी है। साथ ही कहा कि वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए वे रोनाल्डो को बेंच पर भी रख सकते हैं। हाल में खेल को अलविदा कहने वाले छेत्री ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि कोच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करेगा पर रोनाल्डो का होना हमेशा ही टीम को बढ़त देता है। वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैदान पर जब भी मौका मिलता है तो उस अवसर को गोल में बदलने की क्षमता रखते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक प्रशंसक के तौर पर, जिसने पिछले 20 सालों में उनसे बहुत कुछ सीखा है, मुझे उम्मीद है कि हम उन्हें मैदान पर और भी ज्यादा समय तक देख पाएंगे।

# अर्शदीप सिंह ने तोड़ा अश्विन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड



● भारत ने विराट कोहली (00), रोहित शर्मा (03) और ऋषभ पंत (18) के विकेट केवल 39 रनों पर खो दिये



**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने चल रहे टी-20 विश्व कप 2024 में बुधवार को यूएसए के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था। हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिन्होंने 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिया था।

अर्शदीप को सबसे ज्यादा फायदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के फैसले से मिला। उन्होंने खेल के पहले ही ओवर में यूएसए को दोहरा झटका दिया, जब उन्होंने शायन जहांगीर को शून्य पर और एंड्रीस गौस को 2 रन पर आउट कर दिया, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। हालांकि इसके बाद स्टीवन टेलर और नितीश कुमार ने यूएसए को मैच में वापसी दिलाई, रोहित यहां फिर से अर्शदीप को आक्रमण पर वापस लाए और उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज नितीश को 27 रन पर आउट कर दिया, जिससे यूएसए की टीम ने 81 रनों पर 5 विकेट खो दिये। अर्शदीप ने हरमीत सिंह को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया और उन्होंने 4/9 के आंकड़े के साथ अपने स्पैल का समापन किया। आखिरी ओवर में, यूएसए के बल्लेबाज जसदीप सिंह और शैडली वान शल्कविक 7 रन बनाकर अपनी टीम का स्कोर 110/8 तक ले गए। जवाब में भारत ने विराट कोहली (00), रोहित शर्मा (03) और ऋषभ पंत (18) के विकेट केवल 39 रनों पर खो दिये। यहां से सूर्यकुमार यादव (50 रन, 49 गेंद 2 चौके और 2 छक्के) के नाबाद अर्धशतक और शिवम दुबे (नाबाद 31 रन, 35 गेंद, 1 चौका और 1 छक्का) की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने 18.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सुपर 8 चरण के लिए क्वालिफाई करना बड़ी राहत : रोहित शर्मा



**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि चल रहे टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालिफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। भारत ने बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के मुकाबले में सह-मेजबान यूएसए पर 7 विकेट से जीत के बाद टी 20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई किया। विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुभवी जोड़ी के पहले तीन ओवर में सस्ते में आउट होने के बाद शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव ने संयम बनाए रखा और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। दोनों ने 72 रनों की मैच विजयी साझेदारी की। रोहित ने मैच के बाद कहा यह बड़ी राहत की बात है, यहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं था। हमें तीनों मैचों में अंत तक डटे रहना था। इन जीत से हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा। 111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है।

अर्शदीप ने 4-9 के अविश्वसनीय आंकड़े हासिल किए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। लेकिन यूएसए के तेज गेंदबाजों ने अपनी अनुशासित लाइन और लेंथ से भारत की गहराई को परखा। दुबे और सूर्यकुमार ने अपने स्वाभाविक खेल के विपरीत जाकर भारत को न्यूयॉर्क में एक कठिन स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। रोहित ने कहा हमें पता था कि यह मुश्किल लक्ष्य होगा।

### भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की सर्जरी हुई है। शार्दुल ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने दाहिने पैर में प्लास्टर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल में खेलने के बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी, जिसमें उनके टखने में दर्द था। ठाकुर की सर्जरी उसी चिकित्सक ने की थी, जिसने पहले मोहम्मद शमी का ऑपरेशन किया था। ठाकुर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं, जिसका मतलब है कि इस सर्जरी पर होने वाले सभी खर्च बोर्ड उठाएगा। तेज गेंदबाज मौजूदा भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। भारतीय घरेलू सत्र तीन महीने में शुरू होने वाला है, जो क्रिकेट में उनकी वापसी का रास्ता हो सकता है। ठाकुर की इससे पहले 2019 में सर्जरी हुई थी। उन्होंने आखिरी बार पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस सर्जरी से उनके ठीक होने में लगभग आठ सप्ताह लगने की उम्मीद है।

## उचित आहार, प्रशिक्षण कार्यक्रम का पालन करना चाहिए : मैरी कॉम



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम ने आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी मुक्केबाजों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रशिक्षण और रिकवरी से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण सलाह दीं। मैरी दिल्ली में लड़कियों के लिए 20वें सेल्फ डिफेंस टेक्नीक समर कैंप-2024 के समापन समारोह में बोल रही थीं। मीडिया से बात करते हुए मैरी ने कहा मैं सभी मुक्केबाजों को शुभकामनाएं देती हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पदक लेकर लौटेंगे, हालांकि मैं यह नहीं बता सकती कि मैं दल से कितनी उम्मीद करती हूं, क्योंकि मुक्केबाजी एक ऐसा खेल है जिसमें आप हारते भी हैं और दूसरा मौका नहीं मिलता। मुझे उम्मीद है कि उन्हें अच्छा ड्रॉ भी मिलेगा।

देश का प्रतिनिधित्व करने वाले मुक्केबाजों को सलाह देते हुए मैरी ने कहा कि उन्हें उचित आहार, प्रशिक्षण कार्यक्रम का पालन करना चाहिए और पर्याप्त रिकवरी करनी चाहिए। उन्होंने कहा अपनी तैयारी अच्छी रखें। उचित आहार का पालन करें और उचित रिकवरी का पालन करें। आपको मानसिक रूप से परेशान नहीं होना चाहिए, फोकस मजबूत होना चाहिए। खेल गांव में भी उन्हें उचित प्रशिक्षण और रिकवरी पर ध्यान देना होगा।₹

भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए मुक्केबाजी में अमित पंघाल (51 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ विभिन्न श्रेणियों में छह कोटा हासिल किए। टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (महिला 75 किग्रा), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (महिला 50 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) ने पिछले साल हांग्जो में एशियाई खेलों में अपने-अपने कोटे हासिल किए थे। भारत के बाकी तीन कोटे जून में बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर इवेंट के दौरान आए थे। अमित, निशांत और जैस्मीन ने कोटा हासिल करने के लिए अपने-अपने भार वर्ग में क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीते। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेंगे। ओलंपिक में भारत की नजर 2020 टोक्यो ओलंपिक में हासिल किए गए अपने सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ सात पदकों की संख्या को पार करने पर होगी, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। वहीं, पैरालिंपिक में भारत की नजर 2020 टोक्यो ओलंपिक में हासिल किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ 19 पदकों (पांच स्वर्ण) की संख्या को पार करने पर होगी।


### नए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले, नवनियुक्त केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की। यह पहली बार था जब खेल मंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की। इस बैठक में मनसुख मंडाविया और पीटी उषा के अलावा खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, साई के महानिदेशक संदीप प्रधान और खेल राज्य मंत्री रक्षा खांडसे भी मौजूद थे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मनसुख मंडाविया से बातचीत के बाद अपने अनुभव साझा किए। उषा ने मीडिया से कहा केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने आईओए का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी है कि वे आईओए और पेरिस की तैयारियों के बारे में जानना चाहते थे। हम एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और हर हफ्ते बैठक करने की कोशिश करेंगे। खेल मंत्री के साथ-साथ मनसुख मंडाविया केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री का पद भी संभालेंगे। मंडाविया ने अनुराग ठाकुर की जगह ली है, जिन्होंने पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री का पद संभाला था। मंडाविया ने रविवार को शपथ समारोह के दौरान राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में मंडाविया ने गुजरात के पोरबंदर से चुनाव लड़ा था। वे 3,83,360 मतों के अंतर से विजयी हुए।

## अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के लिए बालक-बालिका वर्ग की टीम चयनित

**मुरादाबाद। एजेंसी**

जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने गुरुवार को बताया कि अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के लिए मंडल की टीमों का चयन गुरुवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें बालिका वर्ग के लिए 16 खिलाड़ियों का और बालक वर्ग में 20 खिलाड़ियों का चयन हुआ।



मोहम्मद नासिर कमाल ने आगे बताया कि अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 19 जून से 26 जून तक होगा। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता बाराबंकी में तथा बालक वर्ग की मऊ जनपद में संपन्न होगी।

बालिका वर्ग की टीम में मुरादाबाद जनपद से माधवी, वैष्णवी वर्मा, नैंसी अरविन्द, नैनसी दिवाकर, आशी, काजल, प्रियांशी, जरीन खान, फलक, अनम, महिमा मैसी, वंशिका यादव, वर्षा, अंजली, संभल की सऊदा मरयम, रामपुर की जॉयल चयनित हुई। इसमें टीम मैनेजर के रूप में शादाब अंसारी और आरक्षित खिलाड़ी साबिया (संभल), राधिका चौहान (मुरादाबाद) हैं। वहीं बालक वर्ग की टीम में मुरादाबाद जनपद से जीवांशु, रोहित, औरंगजेब, माधव, देव, स्वस्तिक, नोमान, ध्रुव, शांतनु ठाकुर, रामपुर से आशीष, हारिस, स्पर्श, सौरभ, संभल के अरगमान, कैफी अब्बास, अदनान अली हैं।

## वाणिज्य

# सेंसेक्स और निफ्टी ने मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

मजबूत शुरूआत करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में दबाव बनता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार में गिरावट आ गई। हालांकि बीच-बीच में लिवाली होते रहने की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक अभी तक हरे निशान में बने हुए हैं। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.37 प्रतिशत और निफ्टी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक



मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, एलटी माइंडट्री, श्रीराम फाइनेंस और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.72 प्रतिशत से लेकर 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ब्रिटानिया, आयशर मोटर्स और सिप्ला के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,213 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,489 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 724 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 82.32 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 78.24 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

### जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को, सीतारमण करेंगी अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का गठन होने के बाद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की पहली बैठक 22 जून को राजधानी नई दिल्ली में होगी। जीएसटी काउंसिल ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में परिषद की ये 53वीं बैठक होगी। जीएसटी परिषद देश में वस्तु एवं सेवा कर के संदर्भ के आधार पर किसी भी कानून या विनियमन को संशोधित करने, समाधान करने या प्राप्त करने के लिए एक शीर्ष सदस्य समिति है।

### वित्त मंत्री से आईएफएससीए के अध्यक्ष के. राजारमन ने मुलाकात की



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के अध्यक्ष के. राजारमन गुरुवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले। आईएफएससीए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण कानून, 2019 (आईएफएससीए कानून) के तहत स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्रों (आईएफएससी) में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों को विकसित और विनियमित करने का अधिकार है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक समिति का फैसला आने के बाद अमेरिकी बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल के अंत में ब्याज दरों में कटौती करने की बात कहे जाने के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। नैस्डेक और एसएंडपी 500 इंडेक्स लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड मजबूती के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ



5,421.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 264.89 अंक यानी 1.53 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 17,608.44 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डाउ जॉन्स 400 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,681.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन

# मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन विभागों के अधिकारियों को सौंपी कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण प्रदेश में आगामी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा।
जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। वहीं प्रत्येक जिला मुख्यालयों, ब्लाॅक मुख्यालयों, एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। गुरुवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन विभागों के अधिकारीयों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी।
मुख्य सचिव ने बताया कि सभी विभाग योग दिवस को सफल बनाने के लिए प्रयास करें एवं योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी दिखाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सी एच सी, जिला अस्तपताल, मेडिकल कॉलेज में योग दिवस मनाया जाए एवं ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स और फैकल्टीज इसमें भाग लें। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक जिला स्वास्थ्य अधिकारी के साथ बैठक कर योग दिवस की तैयारिओं की समीक्षा करें।
मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग के सचिव को निर्देश दिए कि योग दिवस के दिन छात्रों एवं शिक्षकों की अधिकतम सहभगिता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थाओं के साथ निजी शिक्षण संस्थाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को निर्देश दिए कि योग दिवस के आयोजन के लिए अधिकतम प्रचार–प्रसार किया जाये इसके लिए सोशल मीडिया का उपयोग लिया जाये। उन्होंने सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग को निर्देश दिए कि समस्त विभागों की राजकीय वेबसाइट एवं राजकाज के एप पर योग दिवस का पॉपअप लगाया जाए।
बैठक में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अखिल अरोरा, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग की सचिव श्रीमती आरती डोगरा, आयुष विभाग की सचिव श्रीमती पूनम, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त श्री सुनिल शर्मा सहित राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य बजट के लिए जार ने मुख्यमंत्री-वित्तमंत्री को दिए पत्रकार कल्याण के सुझाव

- **पत्रकार सुरक्षा कानून, आवास योजना व मेडिकल इंश्योरेंस समेत अन्य मांगों को लेकर पत्र लिखा**

**चमकता राजस्थान।** जयपुर। आगामी बजट में पत्रकारों के जुड़े मुद्दों को शामिल करवाने के लिए जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखा है। सीएम और फायनेंस मिनिस्टर को भेजे पत्र में जार के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा व महासचिव भाग सिंह ने बताया कि प्रदेश में पांच हजार से अधिक वेतनभोगी श्रमजीवी पत्रकार है, जो विभिन्न समाचार पत्रों, चैनल और डिजिटल मीडिया में कार्यरत है। श्रमजीवी पत्रकारों के हितों के लिए राज्य सरकार से प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून की घोषणा करने, प्रदेश के सभी जिलों व उपखण्ड कार्यालयों पर पत्रकार आवास योजना लागू करवाने, दागी लोगों से पत्रकारिता को बचाने के लिए प्रदेश में वकीलों की तर्ज पर मीडिया काउंसिल व जर्नलिस्ट्स रजिस्ट्रर के गठन, डिजिटल मीडिया की विज्ञापन पॉलिसी के सरलीकरण का सुझाव दिया है। इसके अलावा पत्रकारों के आवास निर्माण के लिए रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने के प्रावधान किए जाने का सुझाव दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे के पिछले कार्यकाल के अंतिम बजट में इस तरह की घोषणा की गई थी। वसुंधरा राजे के कार्यकाल की तर्ज पर पत्रकार व साहित्यकार कल्याण कोष के जरिये पत्रकारों का निजी बीमा कंपनियों सेहेल्थ इंश्योरेंस करवाए जाने, प्रदेश के लघु व मझौले समाचार पत्रों को मुद्रणालय यंत्र खरीदने के लिए रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने, रियायती दरों पर रीको क्षेत्र में भूखण्ड देने तथा पत्रकारों के लिए जयपुर में मीडिया सेंटर बनाने का सुझाव दिया है।

### समीक्षा में अटकाने की बजाय प्रगति पर मंथन करना चाहिए पर्ची वाली सरकार को : नेता प्रतिपक्ष जूली



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान प्रदेश की पर्ची वाली सरकार को नसीहत देते हुए कहा की समीक्षा के स्थान पर प्रदेश को प्रगति के पथ पर कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है इस पर गहन मंथन किए जाने की आवशयकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश की जनता के हितों का निर्णय प्रदेश की सरकार को करना चाहिए क्योंकि प्रदेशवासियों ने आपको सत्ता की चाबी इसलिए सौंपी है कि उनके हितों की रक्षा की जाए, यहां दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार प्रदेश वासियों के हितों पर संकट की परिस्थितिया उत्पन्न कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 माह से संचालित राजस्थान सरकार का पूरा समय पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों का रिव्यू करने में निकल गया। उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार के नीतिगत फैसलों से फोकस हटाकर प्रदेश के हित में राज्य सरकार का विजन क्या है इस पर तीव्र गति से कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी जनसंख्या वाले राजस्थान प्रदेश में नए 17 जिले और 3 संभाग बनाकर गहलोत सरकार ने लोगों को सुविधाएं देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह नए जिले हेड क्वार्टर से दूरी, स्थानीय परिस्थितियों, सरकार तक लोगों की आसान पहुंच और शीघ्र सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके उद्देश्य से राजसेस के तहत 100 कॉलेज खोले गए, यह सरकार और इसके मंत्री यहां भी ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय कोरी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के अहित में 6 महीने तो इस सरकार ने बर्बाद कर दिए अब बाकी का समय गहलोत सरकार के कार्यकाल में जनहित में लिए गए फैसलों की समीक्षा करने में निकाल देंगे। उन्होंने सरकार से कहा है कि खूब समीक्षा करो लेकिन जनहित के विषय में आपका विजन क्या है यह भी क्लियर करो ताकि प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग धौलपुर में सड़क निर्माण कार्य में भारी घोटाला, बिना सड़क बनाये कर दिया करोड़ों का भुगतान

चमकता राजस्थान

जयपुर। धौलपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग का सड़क निर्माण में भारी घोटाला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार पिछली कांग्रेस सरकार में सड़क के लिए दिए गए बजट में बिना सड़क निर्माण ही करोड़ों का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास शिकायत पहुँचने के बाद मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए ,मामले की जाँच के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की विभागीय टीम बुधवार को जाँच के लिए धौलपुर पहुँची ,जाँच अब तक जारी है!
जांच टीम कार्यालय में दस्तावेजों की जांच कर रही है लेकिन मामले का अब तक खुलासा नहीं किया गया है!

## विभागीय टीम कर रही जाँच

**लीपापोती करने का हो रहा प्रयास**

» सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार अब सड़क निर्माण का कार्य चालू कर मामले को रफ़ा दफ़ा करने में लगा हुआ है वहीं अधिकारी लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं !

**चल रही है जाँच**

» धौलपुर की एसई राजीव सिंह ने बताया कि अभी विभागीय जाँच टीम की कार्रवाई जारी है कार्यवाही पूर्ण होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है!

**नहीं उठाया फ़ोन**

» एक्सईएन नवीन आनंद ने फ़ोन नहीं उठाया

# मुकेश माथुर एवं मनोज परिहार का किया स्वागत


चमकता राजस्थान।



जयपुर। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयज यूनियन की प्रधान कार्यालय की जी एल ओ शाखा ने महामंत्री मुकेश माथुर एवं नवनिर्वाचित जोनल अध्यक्ष मनोज परिहार का निर्वाचन के बाद प्रधान कार्यालय में आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज परिहार ने अपने सभी कर्मचारी साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव लड़ते रहे हैं, और आगे भी लड़ाई जारी रखेंगे। सभी कर्मचारी हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे हैं, हमारा प्रयास रहेगा कि सभी साथी इसी तरह हमारे साथ जुड़े रहें। सबको साथ में लेकर चलना हमेशा से इस यूनियन की परंपरा रही है हम इस परंपरा का आगे भी निर्वाह करेंगे। इस अवसर पर शाखा सचिव राजीव कुमार सारण, सहायक महामंत्री जगदीश सिंह, सहायक महामंत्री मीना सक्सेना, विजया व्यास, अशोक अग्रवाल, नारायण सिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रेम नारायण, उत्तम बाथरा, पवन जुनेजा, सुनील माथुर, चाँदनी सिंघल, विभा तापड़िया, जमना कंवर, लक्ष्मी धाभाई, धर्मेश बैरवा, महेश बोहरा, योगेश शर्मा, बिपिन परमार, शिव कुमार , छोटू लाल गुर्जर, गजानंद कुमावत, विष्णु शर्मा, दान सिंह, फूल चंद, चेतन वर्मा, अशोक चौधरी, शिवम गुप्ता,हर लाल, सुरेश, शंकर लाल, मनमोहन ठठेरा, विशाल पारवानी सहित प्रधान कार्यालय के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुरारी लाल जी अग्रवाल का देहांत

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** मुरारीलाल अग्रवाल (मेसर्स मुरारीलाल अग्रवाल कॉन्ट्रेक्टर एंड इंजीनियर्स जयपुर ) का निधन 12 जून को हो गया है तिये की बैठक 14 जून को 4 बजे से 5 बजे तक महावीर पब्लिक स्कूल, सी स्कीम जयपुर पर रखी गई है ,चमकता राजस्थान परिवार उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता है !
श्री मुरारीलाल जी अग्रवाल उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के यहाँ कार्यरत वरिष्ठ राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार के ससुर थे।

# जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सरकार लेगी एक्शनः श्रवण सिंह बगड़ी

चमकता राजस्थान



- **भाजपा की जनसुनवाई में मिली समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके से संबंधित अधिकारियों को किया फोन, दिए दिशा निर्देशः-जितेंद्र गोठवाल**

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरूवार से आमजन की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई की शुरूआत हुई। भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के पहले दिन भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत और अजीत मांडण ने आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान 200 से अधिक पीड़ित अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए भाजपा कार्यालय पहुंचे। जनसुनवाई में प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के काले कारनामे भी उजागर हुए। इस दौरान अधिकांश लोगों ने प्रशासन गांवों संग अभियान में फर्जी पट्टे बनाए जाने और पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित पक्ष की सुनवाई नहीं करने जैसी समस्याएं भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष रखी। कांग्रेस राज में पनपे भूमाफियाओं से परेशान आमजन भाजपा की जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाने पहुंचा तो भाजपा पदाधिकारियों ने समस्या का शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को फोन कर निर्देशित किया।
भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई के पहले ही दिन जमीनों के फर्जी पट्टे बनाए जाने से जुड़े कई मामलें सामने आए। कहीं किसी गरीब की जमीन हडपने की शिकायत मिली तो कहीं किसी गांव में गोचर, श्मशान भूमि पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा करने की शिकायत मिली। भाजपा की जनसुनवाई में गहलोत सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रशासन गांवों संग अभियान में बड़ी संख्या में फर्जी पट्टे बनाए जाने की शिकायतें भी सामने आई है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा आमजन को गुमराह करते हुए अभियान के नाम पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाया और गरीब लोगों से उनकी जमीनें फर्जी पट्टे बनाकर हड़प ली। प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार आमजन की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कांग्रेस शासन में किए गए आमजन विरोधी फैसलों पर रिव्यू करते हुए जांच करवा रहे है। वहीं भाजपा की जनसुनवाई में आए फर्जी पट्टों की शिकायतों पर भी प्रशासन गांवों संग अभियान में किए गए फर्जीवाड़े की जांच करवाई जाएगी।
भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जा सकें इसके लिए संबंधित अधिकारी को मौके से ही फोन कर निर्देशित किया गया। वहीं दूसरी ओर जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एक्शन लेने के लिए बड़े प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया गया है। भाजपा कार्यालय में आने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए गंभीरता से कार्य शुरू कर दिया गया है। भाजपा कार्यालय से आमजन की समस्याओं को सूचीबद्ध करके संबंधित अधिकारी के साथ ही उस विभाग के मंत्री एवं आलाधिकारी तक भी भेजी जाएगी। आमजन की समस्या के समाधान के लिए एक निश्चित समय तय किया गया है, उसमें समाधान नहीं करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लेगी। भाजपा सरकार में सरकारी कर्मचारी और अधिकारी जनता के सेवक के तौर पर कार्य करेंगे। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929